प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



ममता की वापसी मुश्किल, लेकिन असंभव नहीं! पेज- 2

पांच मोहर्रम : अकीदत के बीच अलम का हुआ मिलाप पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 181 | सोमवार 22 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से ही देश का संतुलित विकास संभव : राष्ट्रपति मुर्मू

(एजेंसी) जबलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को युवाओं से अपनी पहचान और परंपरा की पवित्रता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि आधुनिकता व परंपरा के समन्वय से ही देश का संतुलित विकास संभव है। राष्ट्रपति मुर्मू, यहां रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती त्याग, परिश्रम और बलिदान की प्रतिमूर्ति थीं तथा नारी शक्ति के लिए प्रेरणा का प्रतीक हैं। रानी दुर्गावती के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है। राष्ट्रपति ने कहा, श्विकास की दौड़ में जो लोग पीछे छूट गए हैं, उन्हें आगे लाना और मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। हम सभी को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर मिले। उन्होंने कहा, विद्यालयों को अपनी पहचान और परंपरा को नहीं भूलना चाहिए। इसकी पवित्रता बनाए रखना जरूरी है। आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से ही देश का संतुलित विकास संभव है। मुर्मू ने जनजातीय समाज के लोगों में कौशल और ज्ञान को प्रोत्साहित




करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति भाव भी विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से यही अपेक्षा की जाती है। मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे देश के सर्वांगीण विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है, जहां उनकी आबादी लगभग 65 प्रतिशत है। राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं में कुछ भी कर गुजरने का अदम्य साहस है और देश व देशवासियों को उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा, ये अपेक्षाएं तभी पूरी होंगी, जब आपको आपकी योग्यता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें प्रयास कर रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है और इसके साथ हमारी वेशभूषा, रहन–सहन तथा जीवनशैली में भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है। मुर्मू ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे कुछ मूल्य हैं, जो हमें सदैव शक्ति प्रदान करते हैं। मेरा मानना है कि आप जैसे युवाओं को भारतीय संस्कृति के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा,सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा जैसे मूल्य मानव चेतना का मूल हिस्सा हैं। इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर आप कठिन परिस्थितियों का भी सामना कर सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने युवाओं को भारत का भविष्य निर्माता बताते हुए कहा कि देश का भविष्य उनके कंधों पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा, श्आपके ज्ञान से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि अपनी शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग समाज के वैभव और कल्याण के लिए करें। अपने आसपास के वंचित और ग्रामीण समुदायों की समस्याओं को समझें तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित करें। उन्हें सशक्त बनाएं और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएं। राष्ट्रपति ने युवाओं से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण उनकी जीवन–यात्रा का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।

### पीएम मोदी ने स्वदेश निर्मित तीन युद्धपोतों को नौसेना में किया शामिल

(एजेंसी) कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित तीन पोतों को रविवार को नौसेना में शामिल किया। स्वदेश निर्मित प्रथम पंक्ति के इन तीन पोतों–स्टील्थ फ्रिगेट दूनागिरि, बड़े सर्वेक्षण पोत संशोधक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अग्रय– से समुद्री युद्ध, जल सर्वेक्षण और पनडुब्बी रोधी युद्ध से जुड़ी नौसेना की अभियानगत क्षमताएं बढ़ेंगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन समेत कई गणमान्य व्यक्ति पोतों को नौसेना में शामिल किए जाने के समारोह में शामिल हुए। इन पोतों का डिजाइन भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और इनका निर्माण कोलकाता स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इन पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और इनके निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) समेत भारतीय उद्योग ने व्यापक भागीदारी की है।




### नीट परीक्षार्थियों की सुविधा को दी प्राथमिकता, एयरपोर्ट पर 45 मिनट तक रुके रहे पीएम मोदी

(एजेंसी) कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को कोलकाता से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने के बाद अपने आवास की ओर प्रस्थान को कुछ समय के लिए टाल दिया ताकि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पुनर्परीक्षा देने वाले किसी भी अभ्यर्थी को यातायात पाबंदियों के कारण असुविधा नहीं हो। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री अपराह्न करीब 1.15 बजे हवाई अड्डे पहुंचे, लेकिन वहां से तुरंत लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास रवाना होने के बजाय वहीं रुके रहे। सूत्रों के अनुसार, चूंकि नीट परीक्षा अपराह्न दो बजे शुरू होनी थी, इसलिए प्रधानमंत्री ने परीक्षा शुरू होने के बाद ही आवास के लिए निकलने का निर्णय लिया, ताकि किसी भी छात्र को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी ना हो और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित ना हो। प्रधानमंत्री ओडिशा और पश्चिम बंगाल के दो दिन के दौरे से लौट रहे थे, जहां उन्होंने अन्य कार्यक्रमों के साथ रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोलकाता में एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) रविवार को नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा आयोजित कर रही है, जो मेडिकल कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए होती है। यह परीक्षा तीन मई को हुई थी, लेकिन प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के कारण इसे रद्द कर दिया गया था। रविवार को यह परीक्षा अपराह्न दो बजे से शाम 5रू15 बजे तक देश के 5,440 केंद्रों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है।



## वोट देने के अधिकार को मिले मौलिक अधिकार का दर्जा: कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने मतदान के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने की जोरदार वकालत करते हुए रविवार को कहा कि यह कदम मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के तहत विभिन्न राज्यों में अत्यधिक संख्या में मतदाताओं के नाम हटाये जाने या उन्हें जानबूझकर अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ सुरक्षा कवच प्रदान करने में एक सशक्त कदम होगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहे निर्वाचन आयोग के घोर पक्षपातपूर्ण कामकाज के पूरी तरह उजागर होने के बाद, अब समय आ गया है कि मतदान के अधिकार को एक मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इससे इसे उच्चतम स्तर की न्यायिक समीक्षा और सुरक्षा मिल सकेगी। रमेश ने उल्लेख किया कि बीते शुक्रवार को ही उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों की पीठ ने संविधान के तहत फुटपाथ पर चलने के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया है। उन्होंने याद दिलाया कि संविधान सभा ने सरदार पटेल की अध्यक्षता में मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय एवं अपवर्जित क्षेत्रों पर एक सलाहकार समिति का गठन किया था। इक्कीस–22 अप्रैल 1947 को हुई इसकी बैठक में मतदान के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने पर तीखी बहस हुई थी, जिसमें डॉ. भीमराव आंबेडकर और बाबू जगजीवन राम ने इसके पक्ष में पुरजोर दलीलें दी थीं। रमेश ने कहा कि सरदार पटेल, सी. राजगोपालाचारी और कुछ अन्य नेताओं का मानना था कि यदि मतदान के अधिकार को मौलिक अधिकार बना दिया गया, तो रियासतें भारतीय संघ में शामिल होने में झिझक सकती हैं, और संविधान में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रावधान करना ही काफी है। उन्होंने कहा, सरदार पटेल ने खुद यह रुख अपनाया था कि सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार अपने आप में एक अंतर्निहित मौलिक अधिकार है। यही अनुच्छेद 326 की पृष्ठभूमि है, जो सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनावों का प्रावधान करता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले सात दशकों से इस बात पर लगातार बहस चल रही है कि मतदान का अधिकार जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 द्वारा प्रदान किया गया एक वैधानिक अधिकार है या यह एक स्पष्ट मौलिक अधिकार है। रमेश ने रेखांकित किया, विभिन्न दृष्टिकोण व्यक्त किए गए हैं। मार्च 2023 के अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ के फैसले में (शीर्ष अदालत की पीठ में शामिल) न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने अपनी असहमति की राय में माना था कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने खुद यह स्वीकार किया है कि मतदाताओं को उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, उनके वित्तीय हितों और राजनीतिक चंदा के स्रोतों को जानने का संवैधानिक और मौलिक अधिकार है। रमेश ने तर्क दिया, इसने (शीर्ष अदालत ने) मत की गोपनीयता की रक्षा की है और नोटा (इन विकल्पों में से कोई नहीं) के माध्यम से सभी उम्मीदवारों को खारिज करने के अधिकार को मान्यता दी है। इसलिए, यह और भी अधिक असंगत है कि मतदान का अधिकार केवल एक वैधानिक अधिकार बना हुआ है। इससे मिलते जुलते सभी अधिकारों को मौलिक घोषित कर दिया गया है, लेकिन वैसा मूल अधिकार जिसके बिना पहले वाले (अधिकार) अस्तित्व में नहीं रह सकते, वह अब भी वैधानिक (अधिकार बना) है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के इशारे पर काम कर रहे भारत के निर्वाचन आयोग के घोर पक्षपातपूर्ण कामकाज के पूरी तरह उजागर होने के बाद, अब समय आ गया है कि मतदान के अधिकार को एक मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाए। इससे इसे उच्चतम स्तर की न्यायिक समीक्षा और सुरक्षा मिल सकेगी। रमेश ने कहा, यह कदम एसआईआर प्रक्रिया के तहत विभिन्न राज्यों में अत्यधिक संख्या में मतदाताओं के नाम हटाये जाने या उन्हें जानबूझकर अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ सुरक्षा कवच प्रदान करने में एक शक्तिशाली कदम होगा। इसका यह भी अर्थ होगा कि निर्वाचन आयोग के कामकाज पर शीर्ष अदालत की अधिक निगरानी रहेगी। शीर्ष अदालत ने जब शुक्रवार को फैसला सुनाया कि फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, तो रमेश ने कहा था कि मतदान के अधिकार को भी एक मौलिक अधिकार घोषित करने के बारे में क्या राय है, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र को उसकी मौजूदा विनाशकारी स्थिति से बचाने के लिए यह सर्वोपरि है। शीर्ष अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में माना है कि सीमांकित मार्गों पर फुटपाथ पर चलने के अधिकार को मोटर वाहनों पर प्राथमिकता मिलेगी और यह अनुच्छेद 19(1)(डी) के तहत गारंटीकृत आवागमन के अधिकार तथा अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) सहित अन्य मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदूरकर की पीठ ने माना कि किसी नागरिक का सीमांकित फुटपाथ पर चलने का अधिकार प्राथमिक है और इसे मोटर वाहनों के आवागमन पर प्राथमिकता दी जाएगी।



### योग समग्र कल्याण को पोषित करता है: मन, शरीर और आत्मा को ऊर्जा देता है : अमित शाह

(एजेंसी) अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार है, जो समग्र कल्याण को पोषित करता है। शाह ने अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में योग अभ्यास करते हुए यह बात कही। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर जिले के मंसा में कस्बे में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लिया। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, योग मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को ऊर्जा देकर समग्र कल्याण को पोषित करता है। मैंने अहमदाबाद में सार्वजनिक योग सत्र में भाग लेकर दुनिया भर में योग दिवस के उत्सव में शामिल लाखों लोगों के साथ सहभागिता की। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने भी अहमदाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि इस वर्ष की थीम बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग है, जो यह संदेश देती है कि योग के माध्यम से लोग स्वस्थ रह सकते हैं और उम्र बढ़ने के बावजूद फिट एवं सक्रिय बने रह सकते हैं। वडोदरा में कई योग प्रेमियों ने एक्वा योग (पानी में योग) भी किया। गुजरात में लगभग 330 स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



## सफेद ट्रैकसूट में छाए अक्षय कुमार: मनसुख मंडाविया के साथ योग करते दिखे, फिटनेस से जीता दिल

(एजेंसी) नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ योग कर फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। योगा हेल्दी एजिंग थीम पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में 3,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। अक्षय कुमार ने न सिर्फ योगाभ्यास में हिस्सा लिया, बल्कि लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने मंत्री मंडाविया और अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न योगासन किए। कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना था। योग दिवस के इस आयोजन ने लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया। फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर अभिनेता अक्षय कुमार इस दौरान सफेद रंग के ट्रैकसूट में नजर आए। अक्षय के ट्रैकसूट पर फिट इंडिया का लोगो बना हुआ था, जबकि आस्तीनों पर काली धारियां थीं। उन्होंने योग सत्र में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। यह बड़े पैमाने का कार्यक्रम खेल मंत्रालय के नेतृत्व में देशभर में मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का हिस्सा था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, देशभर में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के क्षेत्रीय केंद्रों, नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस, एसएआई ट्रेनिंग सेंटर्स और खेलो इंडिया संस्थानों में भी समन्वित योग सत्र आयोजित किए गए। इस बीच, नरेन्द्र मोदी ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रीय समारोह का नेतृत्व किया। उन्होंने रेड रोड कोलकाता में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और कहा कि योग में पूरी दुनिया को एकजुट करने की शक्ति है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



की थीम योगा हेल्दी एजिंग रखी गई। यह थीम जीवनभर स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवन जीने के बढ़ते वैश्विक महत्व को दर्शाती है। दुनिया भर में बढ़ती उम्र की आबादी, गैर–संचारी बीमारियों और जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के बीच अब केवल आयु बढ़ाने पर नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य अवधि, जीवन की गुणवत्ता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

## सफेद सलवार-कमीज में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया योग, मुद्राओं की तस्वीरें वायरल

(एजेंसी) जबलपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रदेश के जबलपुर में आयोजित मुख्य समारोह का नेतृत्व किया और योग किया। जबलपुर के गैरीसन मैदान मेंआयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक शामिल हुए। राज्य के अन्य शहरों में भी 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समारोह आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जबलपुर में सफेद परिधान (सलवार–कमीज) में राष्ट्रपति मुर्मू नीले रंग की एक चटाई पर अलग–अलग योग मुद्राएं करती नजर आईं। उनके बाईं ओर मौजूद मुख्यमंत्री यादव और दाईं ओर मौजूद राज्यपाल पटेल ने भी इस दौरान योगाभ्यास किए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि वैश्विक कल्याण, शांति और समरसता को भी बढ़ावा देता है। हमारे लिए यह सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही हम 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भी मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने सदैव अपने ज्ञान, संस्कृति और विवेक के माध्यम से विश्व को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को वैश्विक पहचान दिलाकर विश्व समुदाय को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन परंपराओं और जीवन–दर्शन से परिचित कराया है। साथ ही, मानवता को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का वैश्विक



संदेश भी दिया है। राजधानी भोपाल में टीटी नगर स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किए जबकि इंदौर में भी हजारों प्रतिभागियों ने लगातार तीन मिनट से अधिक समय तक भ्रामरी प्राणायाम किया। आयोजकों ने कहा कि यह उपलब्धि योग के बारे में बढ़ती जागरूकता और कल्याण गतिविधियों में सामूहिक भागीदारी को दर्शाती है।

# सम्पादकीय

## राज ठाकरे आखिर किधर?

शिवसेना के दोनों गुटों ने बीते शुक्रवार को पार्टी के 60 साल पूरे होने का जश्न मनाया। हालांकि, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला गुट जहां अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि वहीं एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट भाजपा के दबदबे वाले दौर में अपनी अहमियत बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। शिवेसना के स्थापना दिवस पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि आपके सामने टाइगर खड़ा है।



नफीस जाफरी

उन्होंने कहा कि ये तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। शिवसेना के 60वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अभी जो कुछ दिख रहा है वह सिर्फ ट्रेलर है, असली तस्वीर अभी बाकी है। शिंदे ने दावा किया कि शिवसैनिकों की मेहनत से शिवसेना महाराष्ट्र की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी जमकर सराहना करते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण और जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना बालासाहेब ठाकरे का सपना था, जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया। अब जहां तक राज ठाकरे का सवाल है तो महाराष्ट्र में इन दिनों सियासी हलचल तेज हैं। उद्धव ठाकरे गुट के 6 सांसद एकनाथ शिंदे की पार्टी में चले गए हैं। इस सियासी हलचल पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि 50–50 करोड़ रुपये में जनप्रतिनिधि बिक रहे हैं, आत्मसम्मान की मौत हो चुकी है। यह किस्मत की बात है कि मेरी पार्टी के सांसद नहीं चुने गए, वरना वे भी शायद इसी तरह बिक जाते। बता दें कि उद्धव गुट के 6 सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट वाली पार्टी में विलय करने वाले हैं। जिससे महाराष्ट्र की राजनीति फिलहाल गर्मा गई है। राज ठाकरे ने कहा कि कोई भी सत्ता की अमर पेटी लेकर नहीं आया हैं। जो कांग्रेस 60 सालों तक सत्ता में रही उसका भी पतन हुआ. इसलिए मौजूदा सत्ताधीशों को भी यह समझना चाहिए कि वे भी हमेशा के लिए सत्ता में नहीं रहेंगे। जनगणना और वोटर लिस्ट के काम में गड़बड़ी हो रही है.। सत्ताधारी दल के लोग अधिकारियों के साथ मिलकर उन लोगों के नाम कटवा रहे हैं जो उनके वोटर नहीं हैं। यूपी और बिहार के लोग अपने राज्यों के साथ–साथ महाराष्ट्र में भी वोट डाल रहे हैं। कार्यकर्ताओं को आंखों में तेल डालकर पूरी सतर्कता के साथ राजनीति और वोटर लिस्ट पर नजर रखने की जरूरत है। असली मुद्दों से भटकाने की राजनीति हो रही है। कुछ लोग जानबूझकर धार्मिक प्रतीकों जैसे जैन साधुओं द्वारा सफेद पट्टी और झंडे का विवाद का इस्तेमाल करके विवाद पैदा कर रहे हैं, ताकि जनता का ध्यान भटकाया जा सके और उन्हें उलझाकर रखा जा सके। देश में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र में किसान और छात्र कर रहे हैं। इसके अलावा राज्य में सूखे का संकट है और नीट जैसे पेपर लीक हो रहे हैं। देश और राज्य मुत की चीजें बांटने से नहीं चलते। सरकारें एक तरफ से जनता को 1 रुपया देती हैं और दूसरी तरफ से 100 रुपये वसूल लेती हैं। राज ठाकरे ने इस दौरान भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र में किसकी सत्ता है भाजपा की! और राज्य में भी भाजपा की! उद्धव शिवसेना के 6 सांसद भाजपा में शामिल होने के बजाय शिंदे के पास क्यों गए?. भाजपा के अंदर भारी कलह मची हुई है। फिलहाल सब कुछ सिर्फ नरेंद्र मोदी के कारण शांत है, अमित शाह 2029 के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं और विपक्ष का एक अलग गुट बनाने की तैयारी में जुटे हैं। राज ठाकरे कहा कि मेरा सपना एक बेहतर महाराष्ट्र बनाना है न कि सिर्फ सत्ता हथियाना, इसलिए आगामी राजनीतिक बदलावों के लिए सभी को मजबूती से तैयार रहना चाहिए। चुनाव अब एक बेहद प्रोफेशनल पेशेवर प्रक्रिया बन चुका है। सिर्फ आंदोलनों और लोगों से मिलने–जुलने से चुनाव नहीं जीते जा सकते, इसके लिए जमीनी स्तर पर रणनीतिक रूप से काम करना होगा।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, कोर्ट के आदेश पर भेजा जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहाराधबिजनौर . युवती के साथ दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को स्योहारा पुलिस ने गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 13 जून को एक युवती की तहरीर पर कस्बा स्योहारा निवासी सबा पुत्र शराफत करीम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोपी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने तथा बाद में घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था। इसके अलावा कुछ अन्य लोगों पर मारपीट, गाली–गलौज और धमकी देने के आरोप भी लगाए गए थे। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर लिया। क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नामजद आरोपी को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले की विवेचना जारी है तथा अन्य आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## एस आर के (पी जी) कॉलेज फिरोजाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को योग कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद योगाचार्य श्री दुर्योधन सिंह राणा ने विविध योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०)रवि माहेश्वरी ने वर्तमान समय में अस्वस्थ जीवन शैली के कारण शारीरिक और मानसिक समस्याओं के समाधान हेतु दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम ल्वहं वित भ्मंसजील ।हमपदह (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग ) विषय पर व्याख्यान दिया तथा भारत की सांस्तिक विरासत योग को जन–जन तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ० लीना बंसल ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक , शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# ममता की वापसी मुश्किल, लेकिन असंभव नहीं!



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के सत्ता से बाहर होने के बाद टीएमसी में कलह मची है। तीन दर्जन से ज्यादा सांसदों ने पाला बदल लिया है और विधायकों में भी नाराजगी है। हालात ऐसे हैं कि पार्टी के अस्तित्व पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। दलबदल करने वाले ज्यादातर नेताओं ने ममता बनर्जी के भतीजे पर सवाल उठाते हुए बागी रुख दिखाया है। उनका कहना है कि उन्हें ममता बनर्जी नहीं बल्कि उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के रुख से समस्या है। हालांकि ममता बनर्जी ने अब तक भतीजे को लेकर खुलकर कोई बात नहीं की है। उन्होंने बागियों को मनाने की कोशिश भी नहीं की है, ऐसे में माना जा रहा है कि वह भतीजे के ही साथ हैं। इस बीच वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई ने ममता बनर्जी की मुश्किलों की तुलना 1977 की इंदिरा गांधी से की है। उन्होंने कहा कि 1977 में इंदिरा गांधी बुरी तरह हारी थीं और कांग्रेस से बड़ी संख्या में लोग निकले थे। अंबिका सोनी समेत कई नेताओं ने उनके बेटे संजय गांधी पर सवाल उठाते हुए पार्टी छोड़ी थी। ऐसे ही हालात अब टीएमसी के हैं। ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक पर सवाल उठाकर नेता अलग हो रहे हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि ममता बनर्जी से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन अभिषेक के रहते वह पार्टी में नहीं रहेंगे। अब जहां तक ममता बनर्जी का सवाल है तो पश्चिम बंगाल में अब इस बात पर भी चर्चा चल रही है कि ममता बनर्जी और खासकर तृणमूल कांग्रेस का क्या होगा? टीएमसी विधायक दल और संसदीय दल में टूट हो चुकी है। चुनाव में हार के महीने भर बाद ममता बनर्जी दिल्ली आती हैं, इंडिया गठबंधन के नेताओं से मिलती हैं, सभी उन्हें ढाढ़स देते हैं, हिम्मत बढ़ाते हैं, वो सोनिया गांधी से मिलती हैं और गले लग जाती हैं। दूसरी ओर अभिषेक बनर्जी की भी राहुल गांधी से मुलाकात होती है। ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी को बचाने की कवायद शुरू कर दी है। उन्होंने ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक की सभी समितियों को भंग कर दिया है। उसके बाद ममता बनर्जी ने सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया वो था, अभिषेक बनर्जी को राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटाना, क्योंकि हार की वजहों में से एक सबसे बड़ी वजह अभिषेक के काम करने के तरीकों को भी बताया गया था और तृणमूल के बहुत सारे नेता



उनसे नाराज बताए जाते थे। अब राष्ट्रीय महासचिव के साथ दो संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। डोला सेन और डेरेक संयुक्त सचिव होंगे। अब यह तय हुआ है कि ममता बनर्जी का घर ही पार्टी दतर होगा और अभिषेक बनर्जी का अलग से कोई दतर नहीं होगा। यह इसलिए जरूरी था कि पहले अभिषेक बनर्जी का एक दतर कामाक स्ट्रीट कोलकाता में था और यह एक अलग पावर सेंटर के तौर पर उभरा था। यह सब निर्णय लेकर ममता बनर्जी ने अभिषेक बनर्जी के पर कतरने की कोशिश की है। यही नहीं तृणमूल कांग्रेस के युवा विंग के अध्यक्ष के रूप में सायोनी घोष की जगह अर्णब बनर्जी और तृणमूल महिला कांग्रेस के अध्यक्ष पर माला रॉय की जगह अलिफा अहमद को नियुक्त किया गया है। उसी तरह वरिष्ठ सुदीप बंदोपाध्याय के पद उत्तर कोलकाता जिला प्रमुख पर कुणाल घोष को लाया गया है। ममता बनर्जी ने यह भी तय किया है कि पार्टी के कामों के लिए आगे से किसी सर्वे एजेंसी की सेवा नहीं ली जाएगी। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस ने संसद में अपनी पार्टी में टूट के बाद बागी ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करने लिए लोकसभा अध्यक्ष का दरवाजा खटखटाया है। अभिषेक बनर्जी दिल्ली आए और लोकसभा अध्यक्ष से मिले। अभिषेक ने उनसे कहा कि टीएमसी के 20 सासंदों ने अलग ग्रुप का क्लेम किया और एनसीपीआई नाम की पार्टी में शामिल हो गए। लेकिन संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधान के हिसाब से अगर कोई सांसद स्वैच्छिक आधार पर पार्टी छोड़ रहा है तो उसकी सदस्यता चली जाएगी, तो इस आधार पर उनकी सदस्यता जानी चाहिए। अभिषेक बनर्जी ने कहा, बागी गुट का दावा है कि दो तिहाई सांसदों ने मर्जर किया, लेकिन उसमें लिखा है कि दो तिहाई मर्जर तभी माना जाएगा, जब पार्टी करे, न कि लेजेस्लेटिव पार्टी यानी पूरी पार्टी संगठन मर्ज करे, तब माना जाएगा। केवल एमपी जाता है तो सदस्यता चली जाती है। मैंने 20 अलग अलग याचिका दायर की है। सबके लिए अलग–अलग अयोग्यता याचिका हैं।" अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सांसदों के खिलाफ याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला हो, सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि तीन महीने में फैसला करना चाहिए। वो जो भी मांग कर रहे हैं कि अलग ग्रुप बने, बैठने की जगह अलग हो, हममें से किसी को लीडर बनाए, ये सब बाद की बातें हैं, पहले सदस्यता ली जाए। कहने का मतलब ये है कि तृणमूल कांग्रेस शुरुआती झटके से उबरकर अब अपने पैरों पर खड़ी होने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उन्हें पता है कि बंगाल की 41 फीसदी जनता ने उन्हें अपना वोट दिया है और यही उनकी ताकत है। ममता बनर्जी एक बार फिर सड़कों पर उतर रही हैं और अब भीड़ भी आने लगी है। पिछले दिनों जिस ढंग से उनके घर पर छापे पड़े और यह कहा गया कि कुछ नहीं मिला फिर ममता बनर्जी के दो दशक पुराने सुरक्षाकर्मी को हटाया गया। पश्चिम बंगाल सरकार के इन सब फैसलों ने ममता बनर्जी के पक्ष में काम करना शुरू किया है और वो सड़कों पर उतरकर वापसी करना चाहती है, जिसके लिए वो हमेशा से जानी जाती रहीं हैं। मगर पश्चिम बंगाल का इतिहास रहा है कि जब भी परिवर्तन हुआ है वो अगले कुछ चुनावों तक बरकरार रहा है।

# राहुल के सामने राजनीतिक चुनौतियां कम नहीं



फरीद वारसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीती 19 जून को अपना 56वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर कांग्रेस कई कार्यक्रम आयोजित किए थे। कांग्रेस के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी है। उधर, वाराणसी में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक अनोखा जश्न मनाया। उन्होंने राहुल गांधी को भगवान परशुराम के रूप में दिखाया, जिनके एक हाथ में संविधान की प्रति भी है। कार्यकर्ताओं ने दूध से उनका अभिषेक किया और लड्डू का केक काटा। वहीं इस राहुल गांधी के जन्म दिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा– लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बहुत–बहुत शुभकामनाएं. उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 56 साल के हो गए हैं और उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से कांग्रेस दतर में मनाया गया। इसी अवसर पर यह भी बात करनी जरूरी है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के सामने क्या चुनौतियां हैं। राहुल गांधी के झोली कुछ सफलता हैं तो कुछ नाकामियां भी हैं। गौरतलब है कि 2022–2023 में उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने राजनीतिक रूप से उनकी छवि एकदम बदल दी और उसका फायदा कांग्रेस को चुनाव में हुआ। कांग्रेस को लोकसभा में 99 सीटें मिली और राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने। विपक्ष के नेता के रूप में उनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें लगातार बनी रहती है। मगर हाल के दिनों में राहुल गांधी ने जिस तरह के फैसले लिए हैं उसकी काफी चर्चा है। सबसे पहले केरल में वी डी सतीशन को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला जबकि विधायक के सी वेणुगोपाल के पक्ष में बताए जा रहे थे। फिर तमिलनाडु में डीएमके को छोड़ कर एक्टर विजय की पार्टी टीवीके के साथ सरकार में शामिल होना। हालांकि राहुल गांधी के इस निर्णय पर बहुत बात की गई कि किस तरह से इंडिया गठबंधन ने अपना एक महत्वपूर्ण सहयोगी खो दिया है। उसके बाद राहुल गांधी का ममता बनर्जी के साथ खड़ा होना और उनके कहने पर इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाना। इसके बाद राहुल गांधी का नीट की परीक्षा पर छात्रों के बीच जा कर संवाद करना। कहने का मतलब है कि राहुल गांधी इन युवाओं में अपनी स्वीकार्यता बढ़ा कर कांग्रेस के लिए एक अलग वोट बैंक तैयार करने में जुटे हैं। छात्रों की बात करके वे उनके माता–पिता तक भी पहुंच सकते हैं. जैसा कि कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, देश के सामने चुनौतियां हैं। राहुल गांधी जिस संघर्ष को लेकर आगे बढ़ रहे हैं वो देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पूरे देश के युवा उन्हें एक ऐसे इंसान की तरह देखते हैं जो उनकी उम्मीदों को बढ़ाना चाहता है। शिक्षा–परीक्षा प्रणाली पर लोगों का भरोसा टूट चुका है। लोगों के मन में असमंजस है। राहुल गांधी उसका मुकाबला करने के लिए, बड़ी ताकतों से लड़ने के लिए और लोगों को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। उनकी मेहनत ज़रूर रंग लाएगी. सबने उनको शुभकामनाएं दी और कहा कि आपके संघर्ष में पूरा देश आपके साथ है। जबकि कांग्रेस से सांसद शशि थरूर ने कहा, देश के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। राहुल गांधी ने जिस तरह .ढ़ता और मजबूती के साथ विपक्ष की अगुवाई की है, उसी तरह आगे बढ़ाना। दस साल बाद केरल में जीत हुई है। ऐसे ही अगले साल अगर पंजाब, उत्तराखंड में जीत हुई तो विपक्ष की किस्मत बदल जाएगी। उनका जो संकल्प और विश्वास है उसके साथ हमारी पार्टी को आगे जाना है। ये सब तो ठीक है मगर राहुल गांधी के सामने चुनौतियां भी कम नही है। हर राज्य में पार्टी में गुटबाजी जैसे मध्यप्रदेश ,राजस्थान ,पंजाब , छत्तीसगढ़, बिहार. इसके चलते कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा है। अभी संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मध्यप्रदेश और झारखंड में हार गए। झारखंड में आरजेडी ने बिहार राज्यसभा चुनाव के तीन विधायकों द्वारा वोट ना करने का बदला लिया। कहने का मतलब है कि कांग्रेस की सहयोगी दल भी उसे गाहे बगाहे आंख दिखाने से नहीं डरते। राहुल गांधी के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता पंजाब और राजस्थान में पार्टी में नई जान फूंकने की होगी और आगे आने वाले दिनों में इन राज्यों में संगठन में बदलाव भी होने वाले हैं। इसके



साथ ही उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस किस तरह से समझौता करके 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ती है यह भी सबकी निगाहों में है। राहुल गांधी के लिए सबसे बड़ी चुनौती भाजपा का लगातार बढ़ना है एनडीए लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई का आंकड़ा तक पहुंचने की कोशिश में लगा है जिसके लिए पार्टियों में टूट हो रही है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, राहुल गांधी को कोई कुश्ती लड़ कर तो प्रधानमंत्री को परास्त नहीं करना है लेकिन जिस तरह से युवाओं, महिलाओं का समर्थन राहुल गांधी को मिल रहा है उससे लोग पीएम को हराएंगे। जबकि कांग्रेस मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा, देश की नौजवान पीढ़ी की चुनौतियां हम अपने ऊपर लेते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम चुनौतियों का सामना करेंगे और युवाओं के मन में जो अवसाद है उससे हम लड़ेंगे। राहुल गांधी ने दक्षिण भारत में कांग्रेस के लिए ठीक–ठाक इंतजाम कर लिया है मगर उत्तर के राज्य खासकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब, उत्तरप्रदेश, बिहार और गुजरात उनके लिए सबसे बड़ा सिरदर्द है। अगले साल पंजाब, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और बाद में हिमाचल और गुजरात में होने वाले हैं। उसके बाद 2028 में मध्यप्रदेश, राजस्थान, कनार्टक छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हैं और यही कांग्रेस का भविष्य तय करेंगे। इसके बाद 2029 का लोकसभा चुनाव। मगर तब तक कांग्रेस और राहुल गांधी की दशा और दिशा तय हो चुकी होगी।

# मानसून की बारिश को भूल जाइए, अब हमें थर्मामीटर की जरूरत

प्रांजुल भंडारी

पिछले एक दशक में, हमने अर्थव्यवस्था पर मौसम के प्रभाव की अपनी समझ को लगातार परिष्कृत किया है। हमारे नवीनतम निष्कर्ष बताते हैं कि बढ़ती मुद्रास्फीति और धीमी आर्थिक वृद्धि के लिए तैयार होने का समय आ गया है। कुछ साल पहले, हमने बताया था कि भारत के खाद्य उत्पादन और मुद्रास्फीति के लिए वर्षा की तुलना में जलाशयों का जलस्तर अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इनमें भूमिगत जल भी समाहित होता है। हाल ही में, हमने अपने विश्लेषण को वर्षा और जलाशयों से आगे बढ़ाकर तापमान पर केंद्रित किया है। वैश्विक तापवृद्धि के साथ, औसत तापमान ने पिछले स्तरों को पार कर लिया है। जैसा कि हम आगे समझाएंगे, अब इनका प्रभाव व्यापक खाद्य भंडार और मुद्रास्फीति पर वर्षा और जलाशयों की तुलना में कहीं अधिक है। वास्तव में, हमने पाया है कि सतह के तापमान पर नजर रखना ही खाद्य मुद्रास्फीति की दिशा का अच्छा अनुमान लगाने के लिए पर्याप्त है। भारत के अधिकांश हिस्सों में अब हमें वर्षा पर नजर रखने की भी आवश्यकता नहीं है। परिणामस्वरूप, हम सतह के तापमान के महत्व पर अपने शोध को आगे बढ़ाते हुए यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि अल नीनो वर्षों में विशेष रूप से क्या होता है। अमरीका में राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन के वैज्ञानिकों ने न केवल अल नीनो के बनने की घोषणा की है, बल्कि उन्होंने इसके अल नीनो बनने की 63 प्रतिशत संभावना भी जताई है। परंपरागत रूप से, अल नीनो को उच्च तापमान, कम वर्षा, खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और धीमी वृद्धि से जोड़ा जाता है। हम पाते हैं कि अल नीनो की प्रकृति और प्रभाव भी बदल रहे हैं। भारत में 1950 के दशक से औसत सतही तापमान के आंकड़े उपलब्ध हैं, जिनसे पता चलता है कि भारत में लू पहले शुरू हो रही है, अधिक समय तक चल रही है और अधिक तीव्र होती जा रही है। मार्च 2022 की लू ने गन्ने की फसल की पैदावार में 30 प्रतिशत की कमी कर दी, जबकि सब्जियों और तिलहन के उत्पादन को भी प्रभावित किया। मार्च 2024 में, कुछ क्षेत्रों में तापमान 50.5 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया, जिससे गर्मी से होने वाली परेशानी और सब्जियों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। अल नीनो वाले वर्ष में ये सभी बातें और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं। और सुर्खियों में दिखने वाले आंकड़ों से परे, भारत में अल नीनो के कुछ कम ज्ञात परिणाम भी हैं। पहला, उच्च तापमान की संभावना कम बारिश की संभावना से कहीं अधिक है। उदाहरण के लिए, 2019–20 और 2024–25 के अल नीनो वर्षों में, इस घटना के बावजूद भारी बारिश हुई। लेकिन इन दोनों वर्षों में तापमान सामान्य स्तर से काफी ऊपर चला गया। दूसरा, अल नीनो वर्षों के दौरान तापमान में होने वाली वृद्धि बढ़ती जा रही है। किन फसलों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा–सब्जियां और फल जैसी जल्दी खराब होने वाली फसलें परंपरागत रूप से अन्य फसलों की तुलना में लू के प्रति अधिक संवेदनशील रही हैं, और यह संवेदनशीलता बढ़ती जा रही है। अनाज, दालें, तिलहन और चीनी जैसी अपेक्षाकृत टिकाऊ फसलें भी पीछे नहीं हैं। इससे हम एक और महत्वपूर्ण प्रश्न पर आते हैं। यदि समय के साथ तापमान के प्रति खाद्य उत्पादन और मुद्रास्फीति की संवेदनशीलता बढ़ी है, तो वर्षा और जलाशयों की क्या भूमिका है? इस प्रश्न का सावधानी पूर्वक उत्तर देने के लिए, हम अपने सांख्यिकीय मॉडल का उपयोग करते हैं। हम पाते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति की व्याख्या और पूर्वानुमान करने में वर्षा की तुलना में तापमान कहीं अधिक प्रभावी कारक है। वास्तव में, तापमान को शामिल करने के बाद, वर्षा और जलाशय स्तरों का विश्लेषण करने का कोई महत्व नहीं रह जाता। इन सब का 2026–27 पर क्या असर पड़ेगा– यह एक ऐसा दौर होगा जिसमें कई झटके एक साथ लगेंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से पैदा हुई ऊर्जा और औद्योगिक ईंधन की कमी से हम अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाए होंगे कि अल नीनो का प्रकोप शुरू हो जाएगा। इससे सभी आर्थिक कारकों, विशेष रूप से मुद्रास्फीति और विकास पर असर पडने की संभावना है। लू से किसानों पर असर पड़ेगा और उच्च मुद्रास्फीति से ग्रामीण और शहरी दोनों अनौपचारिक श्रमिकों पर असर पडने की संभावना है, जो आमतौर पर कीमतों के प्रति संवेदनशील होते हैं और मिलकर भारत के उपभोग का दो–तिहाई हिस्सा बनाते हैं। पिछले अनुभवों के आधार पर, अल नीनो के कारण विकास दर में 0.3 प्रतिशत अंकों की गिरावट आ सकती है। सरकार द्वारा ऋण गारंटी योजनाओं, ग्रामीण बेरोजगारी भत्तों और सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के माध्यम से विकास को समर्थन देने के प्रयासों के चलते, राजकोषीय मंदी देखने को मिल सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक उच्च मुद्रास्फीति और धीमी वृद्धि के बीच दुविधा में पड़ सकता है। चूंकि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना उसका मुख्य दायित्व है, इसलिए उसे ब्याज दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं, लेकिन संभवतरू मामूली वृद्धि ही करनी होगी। इसका असर अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से पर महसूस होगा।

# स्वस्थ आयु के लिए योग'' की थीम पर आयोजित हुआ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस -प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 21 जून। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा तथा मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में भारत की परम्परागत विरासत योग को जन–जन के आरोग्य का माध्यम बनाये जाने के उद्देश्य से ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' की थीम पर 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्टस स्टेडियम में विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल परिसर से प्रारम्भ होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के समापन अवसर पर भी स्मारक स्थल परिसर में मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, खाद्य व रसद विभागध्नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दोनों कार्यक्रम स्थलों पर मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया जिसे सभी उपस्थित लोगों द्वारा पूरी तन्मयता के सुना व देखा गया। इन्दिरा स्टेडियम में मुख्य अतिथि मा. राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उ.प्र. सरकार श्री राकेश कुमार राठौर (गुरू जी) ने सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, महामंत्री रणविजय सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व अन्य अधिकारियों के साथ भगवान धन्वंतरि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इन्दिरा गॉधी स्पोर्टस स्टेडियम में नगर के आयुष चिकित्सालय में कार्यरत योग प्रशिक्षक जय प्रकाश



वर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, प्रबुद्धजन, शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं, खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधि, मनरेगा के श्रमिक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य वर्कर, विभिन्न स्वैच्छिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, ब्रहमकुमारी संस्था की दीदीयों, निशक्तजनों के साथ–साथ बड़ी संख्या में आमजन द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल के साथ योगाभ्यास कर स्वयं के साथ–साथ अपने परिजन एव समाजं को स्वस्थ व निरोग रखने का संकल्प लिया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में सरल आसनो व प्राणायाम को सम्मिलित कर अभ्यास कराया गया ताकि लोग अपनी व्यस्ततम जीवन शैली में योगाभ्यास कर स्वयं और समाज को स्वस्थ रख सकें। ज्ञातव्य हो कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर इस वर्ष 15 से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह अन्तर्गत जनपद मुख्यालय तहसील मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय ग्राम पंचायत स्तर पर धार्मिक स्थल सामुदायिक स्थल पौराणिक स्थल एवं समस्त विभागों में विद्यालयों में महाविद्यालय में बड़े उत्साह के साथ योग सत्र में लोगों ने सहभाग किया 21 जून मुख्य कार्यक्रम जनपद मुख्यालय पर आयुष विभाग, वन विभाग, न्याय विभाग, पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग, महराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज, सर्वेश शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पुलिस लाइन एवं विभिन्न निजी संस्थाओं के माध्यम से लाखों लोगों ने प्रतिभाग कर योग का लाभ लिया। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों एवं अधिकारियों को स्मृति चिन्ह के रूप में तुलसी का पौध भेंट किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी श्री धनवंता द्वारा समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच संचालन डॉ प्रीति सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ सरोज शंकर राम, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ यूसूफ अली अंसारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष डॉ प्रभात कुमार मिश्र, डॉ. पीयूष नायक एवं समस्त आयुष चिकित्साधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, खेल प्रेमी छात्र–छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## 22 जून को फिरोजाबाद पहुचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद पीएम आवास योजना के लाभर्थियों को सौपेंगे गृहप्रवेश पर चाबियां उसाईनी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लोकार्पण करने पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब एक घंटा कार्यक्रम स्थल पर रुकेंगे मुख्यमंत्री योगी 11.20 पर पहुंचेंगे कार्यक्रम स्थल योगी आदित्यनाथ वहीं 12.20 पर हेलीपेड के लिए होंगे रवाना फिरोजाबाद से अलीगढ़ और अलीगढ़ से वापस लखनऊ रवाना होंगे सीएम योगी प्रोटोकॉल हुआ जारी, प्रशाशन तैयारियों में जुटा, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों में जुटे भाजपाई।

## साधु की कुल्हाड़ी और डंडों से पीटकर हत्या, अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। –कोतवाली नगर क्षेत्र के तिन्दवारा गांव में एक साधु की धारदार हथियार और डंडों से हमला कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने भाई की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम तिन्दवारा निवासी चिन्तामणि पुत्र स्व. राधेलाल ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई 68 वर्षीय संत सच्चिदानन्द पर शनिवार देर रात 1रू30 बजे अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। जीवित होने की आशंका पर परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाने, हमलावरों की पहचान करने और उनकी गिरतारी के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। घटनास्थल के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है तथा सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच जारी है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरतार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खैराबाद इलेवन ने जीता फाइनल'

न्यूज वाणी ब्यूरो

'तालगांव सीतापुर'। क्षेत्र के तालगांव में आसरा हॉस्पिटल के सौजन्य से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया इस टूर्नामेंट के आयोजक डॉक्टर मानू ने क्रिकेट खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते क्रिकेट की बारीकियों के बारे में बताया टूर्नामेंट का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अनिल वर्मा व मास्टर प्रमोद वर्मा ने फीता काटकर किया टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने मेहनत मशक्कत करते हुए



क्रिकेट खेला फाइनल मैच बिलाल इलेवन सीतापुर व नवीन इलेवन खैराबाद के बीच खेला गया खैराबाद इलेवन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया बिलाल इलेवन सीतापुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच ओवर में 41रन का लक्ष्य दिया जवाब में खैराबाद इलेवन ने अमन व शमशाद लेटी की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर बिना विकेट खोए चार ओवर में स्कोर हासिल कर लिया फाइनल मुकाबले में बेहतरीन पारी खेलने के लिए शमशाद लेटी को डॉक्टर मानू के द्वारा मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया खैराबाद इलेवन को फाइनल मैच जीतते ही हजारों की संख्या में एसडेडियम में मौजूद दर्शकों ने तालिया बजाकर कर उत्साह वर्धन किया इस टूर्नामेंट कमेटी सदस्यों में इस्तिखार प्रधान,अय्यूब अंसारी,शेखू, एनस,सूरज यादव,अकील,गुफरान ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई।

## जिला गंगा समिति मऊ द्वारा खड़िया नाला क्षेत्र में भव्य योग दिवस का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ 'पतंजलि तेरी खोज ने जीवन सजा दिया है, स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग सिखा दिया है।' मंजू चौहान, लोकगीत गायिका अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति, मऊ द्वारा खड़िया नाला क्षेत्र स्थित रमाशंकर सिंह महाविद्यालय, मखना पिंडोहरी (रतनपुरा ब्लॉक) में एक भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक छात्र–छात्राओं, ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन वातावरण में योग मंत्र एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की मंगलकामना के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक कन्हैयालाल बरनवाल द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को क्रमबद्ध रूप से विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने सरल एवं प्रभावी ढंग से योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को योग अपनाने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सु.ढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं जीवन में सकारात्मक .ष्टिकोण भी प्रदान करता है। उन्होंने भारतीय संस्.ति की महान परंपरा, नदियों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उपस्थित जनसमूह को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान लोकगीत गायिका श्रीमती मंजू चौहान ने अपने प्रेरणादायक गीत पतंजलि तेरी खोज ने जीवन सजा दिया है, स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग सिखा दिया है के माध्यम से योग के महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके गीत ने उपस्थित लोगों में उत्साह एवं जागरूकता का संचार किया तथा योग को जन–जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र नाथ द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग मऊ की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा उपस्थित वृद्धजनों एवं विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हेमंत यादव, जिला परियोजना अधिकारी, द्वारा किया गया। इस आयोजन में प्रबंधक जयप्रताप सिंह डॉ. देवेंद्र नाथ, डॉ. शिवप्रताप सिंह, डॉ. अंजनी कुमार सिंह, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. राजेंद्र भास्कर, डॉ. पंकज त्यागी, राजेश कुमार, संतोषी तिवारी, श्रीचंद राम, विशाल यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित करने में सफल रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेंट मैरी स्कूल में सामूहिक योगाभ्यास, जल शक्तिराज्य मंत्री रामकेश निषाद समेत 700 लोगों ने किया योग . 'Yoga for Healthy Ageing' थीम पर दिया स्वास्थ्य का सदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार 21 जून 2026 को सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तिंदवारी रोड में जिला स्तरीय भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, नोडल अधिकारी व सचिव समाज कल्याण प्रमोद कुमार उपाध्याय, डीआईजी चित्रकूटधाम राजेश एस, जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल और सीडीओ अजय कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व योग वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र पटेल के निर्देशन में किया गया। शासन द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार इस वर्ष की थीम पर मुख्य योग प्रशिक्षक रमेश राजपूत, भरत लाल बारी और गीतांजली ने योगिक क्रियाओं का प्रदर्शन कराया। सुबह 6 से 8 बजे तक लगभग 700 योगाभ्यासियों को योग कराकर दैनिक जीवन में योग की उपयोगिता और लाभ से परिचित कराया गया। योग दिवस की श्रृंखला में 15 जून से 21 जून तक पूरे जनपद में 'योग



सप्ताह' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन 15 जून को जिलाधिकारी अमित आसेरी द्वारा अवस्थी पार्क में किया गया था। जिला प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के 60 से अधिक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। ऐतिहासिक व सामरिक महत्व के स्थलों, पार्कों, तहसील–ब्लॉक परिसरों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिका, महाविद्यालयों, स्कूलों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, योग वेलनेस सेंटर, आयुर्वेदिक, यूनानी व होम्योपैथी चिकित्सालयों में स्वयंसेवी संस्थाओं के योग प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा, "शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को जीवन में उतारना जरूरी है। हर व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। योग शारीरिक और मानसिक विकास को बल प्रदान करता है।" कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना भारती, चिकित्साधिकारी च्ब्ब् बड़ोखर और डॉ. इन्द्रवीर सिंह, सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय अनथुवा ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य कोषाधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार बिजौरिया, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नीरज कुमार सुमन, डॉ. नितेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. साकेत गुप्ता सहित आयुष विभाग के अधिकारी–कर्मचारी और पुलिस–प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र पटेल ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और जनमानस का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

## गलत लोगों और गलत कामों में साथ नहीं देना चाहिए,सैय्यद फुरकान मियां हाशमी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद सीतापुर। स्थानीय दरगाह हाफिज असलम मियां में मजलिस को संबोधित करते हुए जाकिर सैय्यद फुरकान मियां ने कहा कि हमें किसी भी सूरत में गलत इंसान और गलत कामों में ना तो मदद करनी चाहिए और ना ही उन कामों को करने वालों से कोई मामला रखना चाहिए इसके लिए भले ही अपनी जान की बाजी ही क्यों न लगानी पड़े लेकिन सच और झूठ में कोई मेल नहीं हो सकता यह बात 10 दिवसीय मजलिसे मोहर्रम के क्रम में पांचवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जाकिर अलहाज सैयद फुरकान मियां हाशमी ने कही। श्री हाशमी ने वाकया कर्बला के संबंध में बताया कि सन 61 हिजरी में तीन मोहर्रम को मकामे नैनवा जो आज कर्बला के नाम से जाना जाता है के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों तथा परिवार के खेमे लग गए थे ,और झूठ का साथ न देने के लिए एक साथ सच्चाई की जीत के लिए तैयार थे चार मोहर्रम से बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया था याद रहे कि हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम बिल्कुल जंग करना नहीं चाहते थे और न ही इस गरज से वहां तशरीफ ले गए थे लेकिन वहां यजीद मलऊन की नियत ही खराब थी उस बदबख्त ने सबसे पहले हजरत मुस्लिम बिन अकील को संदेश भेजा कि मेरे साथ हो जाओ और मेरे हाथ पर बैयत हो जाओ यानी मुझे अपना रहनुमा मान लो और हुसैन का साथ छोड़ दो इस पर हजरत मुस्लिम बिन अकील ने जवाब दिया कि हम ईमान वाले हैं और अहले बैत व औलाद ए रसूल का साथ किसी भी सूरत में छोड़ नहीं सकते हां इतना जरूर है की इनके लिए हम अपना सर कलम करवा सकते हैं और ऐसा ही हुआ की अहले बैत से मोहब्बत करने की सजा में यजीद ने आपका सर कलम करवा लिया और आप जामे शहादत पीकर जन्नती हो गए मारक ए कर्बला में शहीद होने वालों में सबसे पहला नाम हजरत मुस्लिम बिन अकील का आता है यह शहादत हमें सबक देती है कि हम कभी भी गलत इंसान और गलत काम का साथ न देकर सच्चों का साथ दें फिर इसके लिए हमें चाहे जो कुर्बानी देनी पड़े इसके बाद जाकिर सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने मुल्क व मिल्लत के लिए दुआ की, इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे और वाकया कर्बला सुनकर सभी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थी और रसूल के नवासे पर जुल्म करने वालों के लिए अल्लाह से बद्दुआ भी कर रहे थे मुख्य रूप से उपस्थित दरगाह मुतवल्ली सैयद नवेद असलम हाशमी, सैयद फरजान मियां, सैयद फरहान मियां ,सैयद फरमान मियां चिश्ती ,कारी इस्लाम अहमद नजमुल आरफी ,कारी मिस्बाह उल हसन चिश्ती, हाफिज आरिफ, हाफिज आकिब, मुन्ना गाजी, डॉक्टर जफर, सलीम खान,अनीस अहमद, एहतिशाम अहमद, अवसाफ,दानियाल,आदि





## मुख्य विकास अधिकारी ने जन चौपाल आयोजित कर सुनीं जनसमस्याएं, निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा विकास खण्ड घोसी की ग्राम पंचायत धरौली में महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में सहभागिता करने के उपरांत जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जन चौपाल के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड घोसी के पिउवा ताल में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा कार्यदायी संस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत धरौली में निर्माणाधीन नवीन जयप्रकाश नारायण सर्वोदय राजकीय विद्यालय का तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं परियोजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षा संबंधी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में गुणवत्ता एवं समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। जन चौपाल एवं निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा हलधरपुर मण्डल के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पीजी कश्लेज में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ जिला मऊ के रतनपुरा ब्लाक के अंतर्गत हलधरपुर थाना क्षेत्र के 19 वे मण्डल मे से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेंद्र पीजी कॉलेज में आयुष मंत्रालय भारत सरकार उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस योग की पुष्टि ऋग्वेद में हिरर्णय गर्भ से शुरू होता है योग का अर्थ है समाधि अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोधसे हैं यह योग अत्यंत हीं प्राचीन है यह योग दिवस ग्रीष्म संक्रांति को पडता है यहाँ पर योग शिक्षक बृज किशोर पांडे के नेतृत्व में सभी योगासन स्वस्थ जीवन निरोग जीवन के उद्देश्य से उपस्थितो के मध्य योगासन होता है दिन रविवार को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मुन्ना खरवार ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को लेकर सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र को सुझाव दिया था और 21 जून 2015 को प्रथम बार योग दिवस मनाया गया था तब से प्रत्येक वर्ष यह योग दिवस मनाया जाता है इस कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ. ईश्वर चंद्र पांडे और भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार मौर्य . तथा संचालक जिला प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह, व मन्त्री चित्र सेन राय जी रहे इस अवसर पर प्रबंधक देवेंद्र मिश्रा, द्रीजेश मिश्रा , कार्यालय अधीक्षक प्रवीण मिश्रा, धर्मेंद्र यादव , शिव शंकर पाल, बृजेश यादव,चंदा यादव,नम्रता यादव, आईटीआई से दिनेश जी,मुन्ना और भाजपा से उपाध्यक्ष अंजनी चौहान, महामंत्री संजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी चित्रसेन राय, सच्चिदानंद मिश्रा,इंजिनियरिंग ए के राय,अभिषेक राय, ईनदिरा राय सेक्टर ,बूथ के कार्यकर्ता, आदि शामिल रहे। तथा सेक्टर बैठक मे भी भाग लिए।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्में वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किश्नपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखो मे दर्द, मोतिया बिन्द, रतनबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखो के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लेज़िक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
**फैसल चश्में वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डॉ. अभिलाषा वर्मा ने किया योग, स्वस्थ जीवन के लिए किया प्रेरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्पार्क ग्रुप ऑफ कॉलेज, अलादादपुर की डायरेक्टर एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने रविवार को अपने आवास पर योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्.ति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को



संतुलित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. अभिलाषा वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। नियमित योग करने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन कम से कम कुछ समय योग के लिए निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और निरोग जीवन जीने की जीवनशैली है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को योग अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

# दुर्गावती पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। दुर्गावती थाना पुलिस ने कांड संख्या 245826, दिनांक 21 जून 2026 में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरतार कर लिया है। पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न धाराओं 126(2), 115(2), 117(1), 109(1), 352, 351(2), 3(5) तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रमोद सिंह (पिता– स्वर्गीय रामनरेश सिंह) एवं अंकेश कुमार (पिता– प्रमोद सिंह) शामिल हैं। दोनों आरोपी दुर्गावती थाना क्षेत्र के छाँव गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों



को गिरतार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है तथा पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

# कैमूर की बेटी बुशरा रहमान बनीं डीएसपी, 70वीं BPSC में 327वीं रैंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। जिले के चांद प्रखंड अंतर्गत पतेरी गांव की बेटी बुशरा रहमान ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (ठच्ैब्) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने परीक्षा में 327वीं रैंक




प्राप्त कर डीएसपी (क्मचनजल ैनचमतपदजमदकमदज व च्विसपबम) पद पर चयनित होकर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बुशरा रहमान, चांद प्रखंड के पतेरी गांव निवासी डॉ. हाजी अखलाक खान की पुत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही उनके चयन की खबर क्षेत्र में पहुंची, लोगों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बुशरा की सफलता जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और .ढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाए, तो कोई भी सफलता दूर नहीं होती। बुशरा रहमान की सफलता पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि उनकी उपलब्धि से न केवल पतेरी गांव बल्कि पूरे कैमूर जिले का सम्मान बढ़ा है। परिजनों ने बताया कि बुशरा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं और प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना देखती थीं। आज उनकी मेहनत रंग लाई और वह बिहार पुलिस सेवा में डीएसपी पद के लिए चयनित हुई हैं। बुशरा रहमान की इस उपलब्धि से कैमूर जिले में गर्व और उत्साह का माहौल है तथा उनकी सफलता युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# मवई बुजुर्ग में 'विकास' फेल: दो सैकड़ा दलित परिवार नर्क जैसी जिंदगी जीने को मजबूर, बरसात में दलदल बनती बस्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। देश आजादी के बाद से विकास की इबारत लिखने में कीर्तिमान स्थापित कर चुका है, बात करें विकास की तो चौड़ी सड़कों से लेकर देश भर में एक्सप्रेस वे की बाढ़ देखी जा सकती है और मौजूदा निजाम नित्य नए कीर्तिमान बनाने का दावा भी कर रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में हाल अभी भी बदहाल ही दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के बांदा में अभी भी तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की अनदेखी देखी जा सकती है, बांदा मुख्यालय से सटे एक गांव मवई बुजुर्ग में एक पूरी बस्ती आज भी विकास की राह देख रही है और यहां के बाशिंदों को नर्क जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सरकार और नौकरशाही के दावों का हमने जब जमीनी हकीकत का जायजा लिया तो जो तस्वीर निकलकर सामने आई वह यकीनन सरकारी दावों से ठीक उलट दिखाई दी। बांदा के एक गांव की देखिए जमीनी हकीकत सड़क विहीन कीचड़ से लबरेज यह जो क्षेत्र आप तस्वीरों में देख रहे हैं यह चित्रकूट धाम मंडल मुख्यालय बांदा से सटा हुआ गांव मवई बुजुर्ग है और यह इस गांव की वह बस्ती है जहां तकरीबन दो सैकड़ा दलित परिवार निवास करते हैं, इस बस्ती में आप देख सकते हैं कि ना तो पक्की सड़क है और ना ही पानी निकासी के लिए नालियां, जल जीवन मिशन के तहत पूरे बुंदेलखंड की प्यास



बुझाने का सरकारी दवा भी यहां काम तोड़ता नजर आता है यहां लोगों के घरों तक नल कनेक्शन भी अभी तक नहीं पहुंचा है और यह लोग दूर से पानी लाने पर मजबूर है खुले में शौच खत्म करने का सरकारी दवा भी इस मवई बुजुर्ग गांव में हवा हवाई दिखाई दिया, यहां गरीबों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था ग्राम पंचायत स्तर से नहीं की गई और लोग खुले में शौच करने पर मजबूर होते हैं तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी इन परिवारों के लिए महज एक ख्वाब बनकर रह गया है, छोटी–छोटी झोपड़ी और कच्चे मकान को बनाकर किसी तरह यहां पर लोग अपना जीवन यापन कर रहे हैं और बरसात में यह पूरा क्षेत्र दलदल में तब्दील हो जाता है और इसी नरकीय जिंदगी को जीने के लिए यह सैकड़ों परिवार मजबूर है। हालांकि यह कोई नई बस्ती नहीं है बल्कि आजादी के बाद 1962 में इस गांव को बसाया गया था, आधे गांव में तो विकास दिखाई देता है लेकिन जहां से यह दलित बस्ती शुरू होती है वहां विकास को भी आने में मानो परहेज हो गया है, 60 साल से ज्यादा हो चुके लेकिन इस बस्ती की दशा बेहद दयनीय है। बरसात होते ही गांव के इस हिस्से में इंसान तो क्या जानवरों का निकलना भी दूभर हो जाता है सभी मकानों के इर्द–गिर्द जल भराव हो जाता है और इन ग्रामीणों को न सिर्फ आवागमन में बेहद परेशानी होती है बल्कि संक्रामक बीमारियों से भी इन्हें जूझना पड़ता है। अपनी परेशानी को लेकर यहां के निवासियों ने हर मुमकिन कोशिश की है कि उन्हें इस समस्या से छुटकारा मिल सके लेकिन नतीजा शून्य ही हासिल हुआ है। पीड़ित ग्रामीण बताते हैं कि कई बार जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस बस्ती में नाली और सड़के बनवाने की मांग की है लेकिन हर बार इन्हें सिर्फ मायूसी ही हाथ लगती है। इस दुर्दशा के बीच उनके बच्चों का शादी ब्याह भी होना मुश्किल हो जाता है, गांव की ग्रामीण महिला आशा देवी रोते हुए बताती है कि 28 जून को उसकी बेटी की बारात आनी है लेकिन सड़कों में कीचड़ भरा होने के चलते बरात आने में भी मुश्किल हो रही है और वह दम से रो कर गिर कर फरियाद कर चुकी है लेकिन उनके आंसू बेकार ही गए हैं। अब देखना होगा कि विकास का दावा करने वाली व्यवस्था इन गरीब असहाय ग्रामीणों की इस परेशानी को कब तक हल करती है। इस मौके पर मैकूलाल वर्मा,राजू, चौधरी वर्मा, रामदीन, रामनरेश, आशा देवी, गुड़िया,परदेशी, मुन्ना, मोहन, सुशील, राजाराम,रेखा नीता, बंधिनिया, मीरा, सियापति,, रोहित,आदि मौजूद रहे।

# पल्हरी रोड पर 80 साल पुराने बरगद, नीम और पीपल के पेड़ों के कटान के विरोध में उमड़ा जनसैलाब, कटाई पर लगी रोक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शहर के पल्हरी रोड पर शनिवार को 80 वर्ष से अधिक पुराने बरगद, नीम और पीपल के पेड़ों को काटे जाने के विरोध में स्थानीय निवासियों, प्रबुद्ध जनों और छात्रों ने मोर्चा खोल दिया। सूचना मिलते ही पत्रकारों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं और छात्र नेताओं सहित भारी संख्या में जनसमुदाय मौके पर पहुँच गया और मानव श्रृंखला बनाकर पेड़ों के अवैध कटान को रुकवाया। रोड से पर्याप्त जगह होने के बावजूद पेड़ों को बनाया जा रहा निशाना स्थानीय निवासी शिवम निगम ने बताया कि पूर्व में भी इन पेड़ों को काटने का प्रयास किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अधिकारी स्वयं कहते हैं कि उन्होंने कटान के कोई आदेश नहीं दिए, तो फिर ये बाहरी लोग बार–बार पेड़ों को काटने क्यों आ जाते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क का चौड़ीकरण पहले ही हो चुका है। लाइट के खंभों और नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे पर्याप्त जगह उपलब्ध है, फिर भी इन ऐतिहासिक पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है। विरोध के दौरान सुबह देखा गया कि पेड़ का एक हिस्सा पहले ही काटा जा चुका था। बढ़ते तापमान पर जताई गहरी चिंता मौके पर मौजूद वरिष्ठ पूर्व छात्रनेता रितेश त्रिपाठी ने बांदा के बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी आँखें मूंदे बैठे हैं। उन्होंने चेताया कि यदि इसी तरह अनियोजित तरीके से पेड़ों का कटान जारी रहा, तो बांदा का तापमान 52 ब के पार चला जाएगा। वहीं, छात्र नेता अमित यादव और शमशेर यादव ने इसे अधिकारियों की मिलीभगत करार देते हुए चेतावनी दी कि यदि पेड़ों के कटान पर पूर्ण विराम नहीं लगा, तो छात्र समुदाय सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। मौके पे मौजद लोगों ने बांदा जिला अधिकारी और वन विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की जिसके बात अस्थाई रूप से रोक लगी लेकिन सभी की मांग की लिखित रूप से रोक लगाई जाए और



पेड़ो को बचाया जाए मौके में मौजूद छात्र नेता लव सिन्हा और शैलेंद्र कुमार वर्मा ने अधिकारियों से फोन के माध्यम से बात भी की विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शिवम निगम, रितेश त्रिपाठी, राहुल द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, अभय निगम,लव सिन्हा, शैलेंद्र कुमार वर्मा दीपक गुप्ता, अमित यादव,अरविंद श्रीवास्तव, शमशेर यादव, अविनाश निगम, अतुल साहू, राहुल त्रिपाठी, यश त्रिवेदी, ओम राजपूत और कार्तिक समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पर्यावरण संरक्षण के .ष्टिगत इन पेड़ों को संरक्षित किया जाए और अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# पुलिस लाइन में डीएम, एसएसपी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित हजारों लोगों ने एक साथ किया योगाभ्यास

## -तनावमुक्तऔर अनुशासित ड्यूटी के लिए जरूरी है योग . एसएसपी आदित्य लांग्हे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। ष्स्वस्थ आयु के लिए योग (ल्वहं वित भ्मंसजील ।हमपदह)ष थीम पर रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड, फिरोजाबाद में बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें, योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनावमुक्त रहने एवं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान, जनपद के समस्त थानों, विभिन्न चौकियों, शाखाओं एवं पुलिस कार्यालयों में भी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारी गणों द्वारा एक साथ सामूहिक योगाभ्यास कर पूरी शिद्दत के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, योग भारत की प्राचीन सांस्.तिक धरोहर है, जो सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश देती है। योग न केवल विभिन्न



बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन व्यतीत कर सकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे ने खाकी को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारी गणों से नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जिससे वे अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकें। कप्तान साहब ने जोर देकर कहा कि पुलिस की ड्यूटी बेहद चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होती है। ऐसे में नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर सभी पुलिसकर्मी न केवल स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपना सकते हैं, बल्कि अपनी कार्यक्षमता और एकाग्रता को बढ़ाकर अपने शासकीय दायित्वों का और भी बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकते हैं। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद के समाज सेवियों, अधिकारियों और स्कूली बच्चों के साथ–साथ आम जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# राम मंदिर में हुई चोरी को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राज्यपाल को लिखा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो / बांदा। हिंदू आस्था का प्रतीक अयोध्या का राम मंदिर जिसमें करोड़ों रुपए की चोरी एवं जेवरात की हेरा फेरी में संलिप्त मंदिर के पदाधिकारी एवं कर्मचारी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग अपने प्रेषित पत्र के माध्यम से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आंनदी बेन



पटेल से की गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने प्रेषित पत्र के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को अवगत कराया है देश में करोड़ों राम भक्त श्रद्धालुओं द्वारा अरबो रूपया मंदिर निर्माण से लेकर अब तक एकत्र किया गया जिसका कोई लेखा–जोखा नहीं मिल पा रहा है मंदिर के पदाधिकारियों के आगे बैंक अधिकारी भी अपने आप को असहाय महसूस करते रहे जिन कर्मचारियों को गिनती में लगाया गया वे सभी मंदिर के पदाधिकारियों के चहेते थे जिन्होंने करोड़ों रुपए की चंदा चोरी की प्रथम .ष्टता में मंदिर टेस्ट के महासचिव चंपत राय इस प्रकरण में पूर्ण रूप से दोषी पाए गए है जिनके संरक्षण में वहां पर व्यवस्था से लेकर दान पत्र उनमें लगे कर्मचारी एवं मंदिर में चढ़ावे का हिसाब किताब होता रहा जांच में ऐसे ऐसे कर्मचारी पाए गए हैं जो 2 वर्ष पूर्व निर्धन की कैटेगरी में आते थे लेकिन अब उनके पास लाखों करोड़ों की चल अचल संपत्ति प्रकाश में आ रही है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 दिन का समय मांगा है सबसे पहले जिन लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं उनके नाम मुकदमा पंजी.त कर जिस प्रकार पुलिस अन्य अपराधियों से पूछताछ करती है इस प्रकार कड़ाई से उनसे भी पूछताछ की जानी चाहिए जिससे अनेक नाम ऐसे आएंगे जो इस समय प्रकाश में नहीं है जिन्होंने एक करोड़ से ऊपर की चोरी की है उनका फुल एनकाउंटर जिन्होंने एक करोड़ के नीचे की चोरी की है उनका हाफ एनकाउंटर जरूरी है साथ ही जिन कर्मचारियों ने अथाह संपत्ति अर्जित कर बिल्डिंगों का निर्माण किया है उसमें बुलडोजर कार्यवाही अति आवश्यक है। जिससे राम भक्तों मे इस बात की विश्वसनीय का प्रबल होगी कि चोरी करने वाले को दंड मिला तभी करोड़ों श्रद्धालुओं का विश्वास लौटेगा अन्यथा देश देख रहा है की राम मंदिर में किस प्रकार का बंदर बाट हुआ है ऐसे लोगों को भगवान श्री राम कभी भी माफ नहीं करेंगे हमारी आपसे मांग है उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करें की अति शीघ्र जांच पूरी कर दोषी जनों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा बहराइच, 21 जून 2026 ।समत्वम् योग उच्यते " की मूल भावना को आत्मसात करते हुए 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा वाहिनी मुख्यालय एवं अधीनस्थ समस्त सीमा चौकियों पर योग कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "ल्वहं वित भ्मंसजील ।हमपदह (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग)" के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वाहिनी मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय



विद्यालय नानपारा की प्राचार्या, शिक्षकगण, संदिक्षा की सदस्याएँ, बल कार्मिक एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विजय कुमार कस्वा, उप–कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्.तिक धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सु.ढ़ बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से इस वर्ष की थीम की प्रासंगिकता पर बात करते हुए सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया ताकि एक स्वस्थ और दीर्घायु समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के दौरान योग के स्वास्थ्य लाभों तथा स्वस्थ जीवनशैली में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वाहिनी की समस्त सीमा चौकियों पर भी स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों के साथ सामूहिक योग सत्र आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग संस्.ति को बढ़ावा मिला।इस अवसर पर वाहिनी के श्री ओम प्रकाश मिश्र,उप कमाण्डेंट और श्री हिमांशु गिरि,चिकित्साधिकारी के साथ अधीनस्थ अधिकारीगण ,जवान सहित केंद्रीय विद्यालय परिवार, संदिक्षा की सदस्याओं और स्थानीय नागरिकों ने अपनी सहभागिता निभाई।

## करो योग, रहो निरोग स्वस्थ समाज से ही बनेगा सशक्तराष्ट्र - कैलाश सिंह राजपूत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 21 जून। बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी पंडाल में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने की। अपने संबोधन में कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना



चाहिए। योग भारत की प्राचीन संस्:ति और सभ्यता की अमूल्य धरोहर है, जिसे ऋषि–मुनियों ने मानव कल्याण का आधार बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है और यदि समाज को स्वस्थ तथा राष्ट्र को सशक्त बनाना है तो योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि ष्करो योग, रहो निरोगष स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य को योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। योग के माध्यम से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने जनपदवासियों से स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. देवा रानी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत बोले- स्वस्थ समाज ही मजबूत राष्ट्र की आधारशिला

## -स्वस्थ समाज से ही बनेगा सशक्तराष्ट्र : कैलाश सिंह राजपूत
## -योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : सरिता भदौरिया
## -नियमित योगाभ्यास से रहें स्वस्थ और निरोग : शुभ्रांत कुमार शुक्ल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 21 जून। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी पंडाल में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने की। राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग हमारी प्राचीन संस्:ति और सभ्यता की अमूल्य धरोहर है, जिसे ऋषि–मुनियों ने मानव कल्याण के लिए विकसित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है और यदि समाज को स्वस्थ एवं राष्ट्र को सशक्त बनाना है तो योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि ष्करो योग, रहो निरोगष केवल नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने योग को बताया सकारात्मक जीवन का आधार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य को योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने नियमित योगाभ्यास की अपील की जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा व्यक्ति स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जी सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया,



पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. देवा रानी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार वर्मा, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लिट में फंसे समाजसेवी, रेलवे की तकनीकी खामी उजागर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इटावा रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम तकनीकी खराबी के चलते प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन के बीच संचालित लिट अचानक बंद हो गई, जिससे समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य करीब पांच मिनट तक लिट के अंदर फंसे रहे। घटना से स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा–तफरी और चिंता का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार प्रेम कुमार शाक्य गोमती एक्सप्रेस से लखनऊ जाने के लिए शाम करीब पांच बजे इटावा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन के बीच लगी लिट से नीचे उतरते समय लिट अचानक झटके के साथ बीच रास्ते में रुक गई और उसका संचालन बंद हो गया। स्थिति को देखते हुए उन्होंने लिट के अंदर प्रदर्शित स्टाफ के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूचना दी। साथ ही रेलवे



हेल्पलाइन 139 पर भी शिकायत दर्ज कराई। करीब पांच मिनट तक लिट में फंसे रहने के बाद बिजली आपूर्ति दोबारा शुरू हुई, जिससे लिट धीरे–धीरे ऊपर आ गई। इसके बाद रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रेलवे स्टाफ ने प्रारंभिक जांच में बताया कि वोल्टेज कम होने के कारण लिट में तकनीकी खराबी आई थी। सुरक्षित बाहर निकलने के बाद प्रेम कुमार शाक्य ने राहत की सांस ली और बाद में गोमती एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। घटना के बाद यात्रियों में कुछ समय तक चिंता का माहौल बना रहा। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन पर संचालित लिटों की नियमित जांच, समय–समय पर रखरखाव तथा तकनीकी व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बच्चों में योग संस्कार से सशक्तहोगा राष्ट्र का भविष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपनादल (एस), एबीकेकेएम एवं समाज उत्थान समिति, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय, शांति कॉलोनी में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजूलता राजपूत के निर्देशन में संपन्न हुआ। योगाचार्य एवं संयोजक डॉ. हरीशंकर पटेल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्:




ति की अमूल्य धरोहर है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है तथा तनाव, चिंता एवं अनेक रोगों से बचाव में सहायक है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। योगाचार्य अमरीष वर्मा ने कहा कि नन्हे–मुन्ने बच्चों को योग से जोड़ना राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखने के समान है। योग केवल स्वास्थ्य संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ाने का भी सशक्त साधन है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों के अनुशासन, उत्साह और योग के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए योगाचार्यों के प्रयासों की प्रशंसा की। समापन अवसर पर प्रधानाचार्या मंजूलता राजपूत ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापिका बेबी कुमारी, कार्तिकेय वर्मा तथा अभिभावक सीमा देवी, मजू कुमारी, आरती, राम दर्शन एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## रात्रिकालीन बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से बेहाल शाह कस्बे के सैकड़ों उपभोक्ता, 220 केवी राधानगर व ट्रांसमिशन व्यवस्था में सुधार की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाह/फतेहपुर। भीषण गर्मी के बीच बहुआ विकासखंड के शाह कस्बे और उससे जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। 220 केवी उपकेंद्र राधानगर एवं ट्रांसमिशन व्यवस्था से संचालित विद्युत आपूर्ति में लगातार रात्रिकालीन रोस्टिंग, अनियमित कटौती, बार–बार ट्रिपिंग और लो–वोल्टेज की समस्या से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। समस्या से परेशान सैकड़ों उपभोक्ताओं ने एकजुट होकर अधिशासी अभियंता, विद्युत ट्रांसमिशन फतेहपुर को सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भेजते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।ज्ञापन में उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले कई महीनों से शाह कस्बे में रात के समय दो–दो घंटे तक बिजली की रोस्टिंग की जा रही है। दिनभर नौकरी, मेहनत– मजदूरी और अन्य कार्यों में व्यस्त रहने वाले लोगों को रात में आराम की आवश्यकता होती है, लेकिन बार–बार होने वाली कटौती के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। उमस भरी गर्मी में बिजली गुल होने से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति सबसे अधिक परेशान हैं। कई बार पूरी रात बिजली की आंख–मिचौली जारी रहने से लोगों को जागकर रात गुजारनी पड़ रही है।उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली आने पर भी लो–वोल्टेज की समस्या



लगातार बनी रहती है। कम वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर, फ्रिज, पानी की मोटर और अन्य घरेलू उपकरण पर्याप्त क्षमता से काम नहीं कर पाते, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। कई बार विद्युत उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बना रहता है। शाम और रात्रि के समय वोल्टेज और अधिक गिर जाने से परेशानियां बढ़ जाती हैं। हैरानी की बात यह है कि शाह कस्बे में स्वयं 33ध्11 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने के बावजूद क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इन समस्याओं से निजात नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उपकेंद्र होने के बावजूद लगातार रात्रिकालीन रोस्टिंग, बार–बार ट्रिपिंग और लो–वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उपकेंद्र स्थापित होने के बाद बिजली व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी थी, लेकिन मौजूदा हालात में लोगों को अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है।अधिकांश लोग सुबह जल्दी अपने कार्यस्थलों और व्यवसाय के लिए निकल जाते हैं। ऐसे में रात में पर्याप्त आराम न मिलने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं छोटे बच्चों और बुजुर्गों को उमस भरी गर्मी और मच्छरों के बीच कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार रात्रिकालीन रोस्टिंग और लो–वोल्टेज की समस्या के कारण आमजन में विभागीय व्यवस्था के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।सैकड़ों उपभोक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि यदि तकनीकी कारणों से विद्युत रोस्टिंग आवश्यक है तो उसका समय रात्रि के बजाय दिन अथवा सुबह–शाम निर्धारित किया जाए, ताकि लोगों को रात में निर्बाध आराम मिल सके। साथ ही 220 केवी उपकेंद्र राधानगर, ट्रांसमिशन व्यवस्था तथा स्थानीय वितरण तंत्र की तकनीकी खामियों को दूर कर पर्याप्त वोल्टेज के साथ नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ज्ञापन में चेतावनी भरे स्वर में कहा गया है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रीय उपभोक्ता व्यापक जनहित में आगे की रणनीति तय करने के लिए बाध्य होंगे। शाह कस्बे के सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं ने अपने हस्ताक्षर के माध्यम से विद्युत विभाग से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए रात्रि कालीन कटौती, ट्रिपिंग और लो– वोल्टेज की समस्या पर तत्काल प्रभाव से पुनर्विचार कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई और निर्णय पर टिकी हुई हैं।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन बांदा में बृहद योग शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे विश्व में योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें योग शिविरों




के माध्यम से लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है । इसी अवसर पर आज पुलिस लाइन बांदा में बृहद योग शिविर का आयोजन किया गया । योग शिविर में सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक सहित जनपद के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया । योग शिविर में योगाचार्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी दी गई तथा उनका अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री बेलास यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर भी योग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारियों सहित समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया गया। सभी कर्मचारियों द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने तथा कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया।

## बरदिया गांव में सम्पन्न हुआ 05 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 21 जून। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूडब्लूआई) द्वारा संचालित डब्ल्यूआईआई–एनएमसीजी जलज परियोजना के अंतर्गत 17 से 21 जून 2026 तक उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के बरदिया गांव में पांच दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नदी तटीय समुदायों की महिलाओं को स्थानीय .षि उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण के माध्यम से आजीविका सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से थारू जनजाति की 25 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यमिता से संबंधित व्यावहारिक कौशल प्रदान किए गए, जिससे वे मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण एवं विपणन के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को आम, कटहल, मिर्च, लहसुन एवं हल्दी के अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त आम पापड़, उड़द पापड़, टमाटर कैचप तथा पौष्टिक मोरिंगा लड्डू तैयार करने की विधियां भी सिखाई गईं, जिससे पारंपरिक खाद्य संरक्षण एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिल सके। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन सुश्री निधि मिश्रा एवं सुश्री शिवानी पुंडीर द्वारा किया गया, जबकि तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रदर्शन आरसेटी की विशेषज्ञ प्रशिक्षक अनीता मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने खाद्य प्रसंस्करण की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे सफाई, छीलना, काटना, मिश्रण, संरक्षण, पैकेजिंग एवं भंडारण तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल समापन एक वैलिडिक्टरी सत्र के साथ हुआ, जिसमें डब्लूडब्लूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन की विशेष उपस्थिति एवं सहयोग रहा। समापन समारोह में उप प्रभागीय अधिकारी शिवकांत शर्मा एवं वन क्षेत्राधिकारी, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग आशीष गौर एवं माहे अंजुम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथियों ने भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं जलज परियोजना द्वारा ग्रामीण एवं जनजातीय महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण को आय सृजन, फसलोपरांत हानि में कमी तथा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बताया तथा प्रतिभागियों को प्राप्त कौशल का उपयोग स्वरोजगार एवं लघु उद्यम स्थापित करने में करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जलज परियोजना के उन व्यापक उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करता है, जिनके माध्यम से जैव विविधता संरक्षण को सामुदायिक विकास एवं सतत आजीविका से जोड़ा जा रहा है। महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण संबंधी व्यावहारिक कौशल प्रदान कर यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सु.ढ़ करने, आत्मनिर्भरता बढ़ाने तथा नदी तटीय समुदायों के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन जलज परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक सशक्तिकरण एवं सतत आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की छापामारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 21 जून। सहायक आयुक्त खाद्य अमर सिंह वर्मा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा 18 से 20 जून 2026 तक जनपद में संचालित किये गये विशेष अभियान अन्तर्गत मेसर्स शरद जनरल स्टोर, वजीरबाग से देशी घी (अन्नापूर्णा ब्राण्ड), मेसर्स शिवाय डेयरी, सिंघल कोल्ड स्टोरेज से मिश्रित दूध



(गाय–भैंस), मेसर्स स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट प्रा.लि., अशोका डीहा से मिश्रित दूध (गाय भैंस), स्वास्तिक ट्रेडर्स, घण्टाघर से देशी घी (राम एण्ड संस ब्राण्ड), मेसर्स जैन वनस्पति स्टोर, सखैय्यापुरा से देशी घी (ज्ञान ब्राण्ड), का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्य वर्मा एवं अजय कुमार सिंह द्वारा छापामारी की कार्यवाही सम्पादित की गयी।

## आईआईआरएफ-2026 रैंकिंग में बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को प्रदेश में तीसरा स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा, उत्तर प्रदेश। बांदा .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम करते हुए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (प्प्थ)–2026 द्वारा जारी रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के राज्य .षि विश्वविद्यालयों की श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को 39वीं रैंक हासिल हुई है। आईआईआरएफ द्वारा यह रैंकिंग शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों के विभिन्न मानकों के आधार पर प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत.ष्ट अनुसंधान, प्रभावी विस्तार सेवाओं तथा नवाचार आधारित .षि विकास के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.वी.एस. राजू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय आधुनिक .षि तकनीकों, जलवायु अनुकूल .षि, जैव प्रौद्योगिकी, प्रा.तिक संसाधन प्रबंधन तथा किसानों की आय वृद्धि हेतु अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य .षि क्षेत्र की चुनौतियों का वैज्ञानिक समाधान विकसित कर किसानों तक नवीन तकनीकों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। कुलपति डॉ. राजू ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, .षि वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय .षि उन्नति, सतत विकास एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी योगदान देकर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थाना चांदपुर कस्बा में घरेलू कलह के चलते 34 वर्षीय युवक ने घर के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार चांदपुर कस्बा निवासी चंदी लाल का पुत्र दीपक पाल जो काफी समय से मानसिक तनाव में था। बीती रात उसने उस वक्त आम के पेड़ में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनो की नींद खुली और पेड़ से दीपक का शव लटका देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# फादर्स डे पर वृद्धाश्रम में सजा सम्मान का दरबार

## -वृद्धजनों के चरण स्पर्श कर डॉ. अनुराग ने लिया आशीर्वाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फादर्स डे के अवसर पर शनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान एवं डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में मवइया स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के सम्मान का भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन एवं कार्यकारिणी



सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने वृद्धजनों का पूजन कर उनका सम्मान किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सभी वृद्धजनों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद आरती, पुष्पवर्षा एवं चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सम्मान और अपनत्व से भरे इस आयोजन ने वृद्धजनों को भावुक कर दिया। डॉ. अनुराग ने सभी को जलेबी वितरित करते हुए कहा कि जीवन के इस पड़ाव में यदि किसी कारणवश उनके बच्चे उनके साथ नहीं हैं तो भी समाज उनके साथ खड़ा है और वह स्वयं हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि माता–पिता का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। उनके सम्मान और सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। फादर्स डे केवल एक दिवस नहीं बल्कि अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, .तज्ञता और जिम्मेदारी व्यक्त करने का अवसर है। डॉ. अनुराग की आत्मीयता और सम्मान से अभिभूत वृद्धजनों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम का वातावरण भावनात्मक और पारिवारिक अपनत्व से सराबोर रहा। इस अवसर पर प्रबंध समिति सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव, वृद्धाश्रम के वार्डन अशोक यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# या हुसैन-या हुसैन की सदा से रात भर गूंजा शहर

## - पीलू तले चौराहे पर आधा दर्जन ताजियों का हुआ मिलाप

## - आज बाकरगंज में छह ताजियों के बीच होगा मिलाप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पीरनपुर और सैय्यदवाड़ा से उठने वाले ताजियों का जुलूस मोहर्रम की पांचवीं तारीख को लाला बाजार पहुंचा। धीरे–धीरे जुलूस पीलू तले चौराहे की ओर बढ़ा और प्रातः नौ बजे सभी ताजियों का मिलाप हुआ। इस दौरान ताजिया जुलूस में भारी तादाद में अकीदमंदों की भीड़ रही। वहीं अलम व अखाड़ा हाथों में लोग या हुसैन, या हुसैन के नारे लगाते रहे। वहीं शिया समुदाय में लोगों ने मजलिसों का आयोजन किया। बताते चलें कि मोहर्रम की चार तारीख की रात शहर के सैय्यदवाड़ा मुहल्ले से मुसद्दक हुसैन उर्फ मुच्छू, इसी मुहल्ले से अमीर उद्दीन, पनी मुहल्ले से हामिद अली, पीरनपुर से सुबराती व बुलाकी के ताजिये अपनी–अपनी इमाम चौक से ढोल–नगाड़ों के बीच उठाये गये। जो निर्धारित मार्गों पर गश्त करते करते रहे। सैय्यदवाड़ा मुहल्ले के दोनों ताजिये इमामबाड़े से उठकर लाला बाजार पुलिया पर काफी देर तक खडे हुए।



इसके अलावा हामिद अली का ताजिया मसवानी से चौगलिया लाला बाजार पहुंचा। जहां पर सुबराती व बुलाकी के ताजियों से मिलान किया। ताजियों के आगे लगभग दर्जन भर से अधिक अलम व अखाड़ादार अपने–अपने अलम हाथों में लिये या हुसैन, या हुसैन के नारे लगाते रहे। जुलूस के दौरान अलम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोईन चौधरी, महासचिव वारिस उद्दीन के अलावा कमेटी के अन्य पदाधिकारी व्यवस्थाओं में लगे रहे। उधर शिया समुदाय के लोगों में मजलिसों का दौर जारी रहा। सुबह सात बजे सज्जाद मरहूम मछली मार्केट में मजलिस की गयी। इसके बाद आठ बजे अख्तर हुसैन निवासी कजियाना के मकान पर मजलिस की गई। इसके बाद सुबह नौ बजे यावर मेंहदी के मकान पर मजलिस का दौर रहा। तीन बजे सैयद मुस्तफा हसन के मकान स्थित अलीगंज में मजलिस रही। शाम चार बजे नवाब साहब के किले पर पर भी मजलिस रही। शाम सात बजे अत्तन हुसैन के मकान पर लाला बाजार में मजलिस की गई। आठ बजे मंजर हसैन के मकान पर मजलिस की गई। इसी तरह आज दिन में हाशिम हुसैन की जानिब से लाला बाजार में मजलिस की गई। देर रात मोहल्ला मसवानी से अहमद मियां का अखाड़ा, मसूद मियां का अलम, खुर्शीद आलम अंसारी का ताजिया उठाया गया। जो अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ जीटी रोड पर आया। एक के बाद एक ताजिए आते गये और एक दूसरे के साथ शामिल होते गए। जो रात भर उठते हुए बुधवार की सुबह बाकरगंज पुलिस चौकी के समाने मिलाप करेंगे।

# भाजपा की शक्ति केंद्र बैठकों में संगठन को धार देने पर जोर

## –जिलाध्यक्ष बोले बूथ ही पार्टी की असली ताकत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को जनपद के सभी 353 शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी तथा संबंधित बूथों के बूथ अध्यक्षों ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने हुसेनगंज विधानसभा क्षेत्र के हुसेनगंज, छिवलहा तथा हथगांव मंडल के मऊपारा शक्ति केंद्र की बैठकों में शामिल होकर



कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का कार्यकर्ता है और शक्ति केंद्र की बैठकें बूथों को सक्रिय एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बताया कि शक्ति केंद्र की यह नियमित मासिक बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाती है, जिसमें प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के प्रसारण की तैयारियों पर चर्चा के साथ–साथ संगठन द्वारा संचालित अभियानों की समीक्षा की जाती है। साथ ही आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा तय कर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार प्रत्येक बैठक का विवरण एवं छायाचित्र सरल ऐप पर अपलोड किया जाता है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठकों में जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, शिवाकांत तिवारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी तथा विभिन्न बूथों के अध्यक्ष मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार से पूर्व वाले रविवार को शक्ति केंद्र स्तर पर बैठकें आयोजित की जाती हैं। इन बैठकों में बूथों पर होने वाले आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा पार्टी के दिशा–निर्देशों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया जाता है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जा सके। बैठकों के सफल आयोजन के साथ भाजपा ने एक बार फिर बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार के अपने अभियान को गति देने का संदेश दिया है।

# साड़ी में योग, जिम में जोश : हेमलता की पहल बनी महिलाओं के लिए प्रेरणा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बहुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत सुजानपुर में स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास का अनूठा संगम देखने को मिला। ग्राम प्रधान एवं गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल की पहल पर गांव के मिनी सचिवालय परिसर में स्थापित सार्वजनिक ओपन एयर जिम में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा साड़ी में ही योगासन कर यह साबित कर दिया कि स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए किसी विशेष परिधान या संसाधन की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि .ढ़ इच्छाशक्ति ही सबसे बड़ी ताकत है। महिलाओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ योगाभ्यास कर ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। ग्राम प्रधान हेमलता पटेल ने कहा कि गांव की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और व्यायाम के साधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इसी सोच के तहत मिनी सचिवालय परिसर में निःशुल्क सार्वजनिक ओपन एयर जिम स्थापित कराया गया है, ताकि बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी नियमित व्यायाम कर स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं ने साड़ी में योग कर यह संदेश दिया है कि पारंपरिक संस्.ति और आधुनिक स्वास्थ्य चेतना साथ–साथ चल सकती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से योग और नियमित



व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत और विकसित समाज की नींव होते हैं। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन कराए तथा उनके लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर सावित्री, लक्ष्मी, मधु, कम्मो, संयोगिता, सुमन, शिवांश, प्रिया, प्रतिभा, युवांश, सीमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और संगठन की महिलाएं मौजूद रहीं। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा और ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की इस पहल की सराहना की।

# शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा/बिजनौर . दलित युवती द्वारा लगाए गए आरोपों के मामले में स्योहारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट एवं छेड़छाड़ सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पीड़िता की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में प्राप्त तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं एवं अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 500 रुपये कम क्या मिले, खुल गई 'हिस्सेदारी' की पूरी कहानी"

## -बेनकाब हुआ कथित खनन खेल, दो सिपाही सस्पेंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को कथित संरक्षण देने के आरोपों से जुड़ा एक वायरल ऑडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। ऑडियो में कथित तौर पर पैसों के बंटवारे, हिस्सेदारी और 500 रुपये कम मिलने पर नाराजगी जताने की बातचीत सुनाई देने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मलवां थाने में तैनात दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ऑडियो में एक व्यक्ति कथित रूप से यह शिकायत करता सुनाई देता है कि पिछली बार उसे तय रकम से 500 रुपये कम मिले थे। बातचीत के दौरान ड्राइवरों और नाइट गार्ड तक को हिस्सा




पहुंचाने की बात कही जाती है। साथ ही थाने के बजाय किसी अन्य स्थान पर मिलने और एक सिपाही से मुलाकात कराने का जिक्र भी सामने आता है। ऑडियो वायरल होने के बाद अवैध खनन और उसके कथित संरक्षण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में प्रथम .ष्टया तथ्यों की पुष्टि होने पर मलवां थाने में तैनात सिपाही अभिषेक दुबे और देवेंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। यदि जांच के दौरान किसी अन्य पुलिसकर्मी या व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी सख्त विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वायरल ऑडियो के बाद जिले में अवैध खनन पर लगाम लगाने के दावों और जमीनी हकीकत को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। दो सिपाहियों के निलंबन के बाद अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शहाबिया नूर का जन्म दिनांक 01.01.2008 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम सहनाज बानो है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सहनाज बानो पत्नी सलाउद्दीन खान निवासिनी मोहल्ला म0न. 915, शीर गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री तरन्नुम बानो का जन्म दिनांक 10.07.1997 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम सहनाज बानो है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सहनाज बानो पत्नी सलाउद्दीन खान निवासिनी मोहल्ला म0न. 915, शीर गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

### सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम रिजवाना बेगम (REZWANA BEGUM) अंकित हो गया है। जबकि मेरी पत्नी का सही नाम रिजवाना (RIJVANA) है। जो आधारकार्ड में दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नी का सही नाम रिजवाना (RIJVANA) अंकित किया जाए। मो० शमीम रजा पुत्र कलामुद्दीन निवासी ग्राम हबीबपुर मजरे बहादुरपुर पोस्ट व थाना जाफरगंज तहसील बिन्दकी, जिला फतेहपुर।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शिफ़ा बानो पुत्री जन्म दिनांक 01.01.2005 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम सहनाज बानो है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सहनाज बानो पत्नी सलाउद्दीन खान निवासिनी मोहल्ला म0न. 915, शीर गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सोफिया खातून का जन्म दिनांक 03.05.1983 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम खातून बीवी है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। खातून बीवी पत्नी आबिद खान निवासिनी मोहल्ला सात आना बंगला ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शमिमा खातून का जन्म दिनांक 30.01.1986 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम आशमा खातून है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। आशमा खातून पत्नी मुजीबुद्दीन निवासिनी मोहल्ला सात आना फैजुल्ला बाबा ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सीमा खातून का जन्म दिनांक 10.01.1980 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम आशमा खातून है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। आशमा खातून पत्नी मुजीबुद्दीन निवासिनी मोहल्ला सात आना फैजुल्ला बाबा ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री आलिया खातून का जन्म दिनांक 05.05.1992 को निजी आवास मे हुआ था। माता का नाम आशमा खातून है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। आशमा खातून पत्नी मुजीबुद्दीन निवासिनी मोहल्ला सात आना फैजुल्ला बाबा ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली जिला फतेहपुर। (उ0प्र0)

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488



# पांच मोहर्रम : अकीदत के बीच अलम का हुआ मिलाप

### – जीटी रोड पर उमड़ा जनसैलाब, सुरक्षा में तैनात रहा पुलिस बल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मोहर्रम की पांचवी पर शाम को जीटी रोड पर अलम का मिलाप हुआ। जिसमें अकीदतमंदों की भारी भीड़ रही। पर्व पर लगे मेले का बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। मिलाप के पश्चात सभी अलम अपने अपने अखाड़े जाकर रख गए। बताते चलें कि जिले की ताजियादारी बेहद मशहूर है। मोहर्रम की पांच तारीख से ताजियादारी अपने पूरे शबाब पर पहुंच जाती है। रविवार को शहर के अलग–अलग स्थानों से अलम जुलूस निकाला गया। जिसमें अस्ती, अंदौली, आबूनगर, मसवानी, ज्वालागंज, सैय्यदवाड़ा, पीरनपुर, कबाड़ी मार्केट आदि इलाकों के अखाड़ों से ढोल ताषों के साथ अलम उठाये गए। अलम अपने निध ारित मार्गों पर भ्रमण करते रहे और शाम लगभग छह बजे जीटी रोड पहुंच गए। जहां अलमदारों ने अपने–अपने अलम को फूलों से सजाया। उधर बनेठी के लोग भी अपने–अपने करतब दिखाते रहे। धीरे–धीरे अलम जुलूस आगे बढ़ा और लक्ष्मी टाकीज के निकट देर षाम सभी छप्पन छूरी से अलम का मिलाप हुआ। मिलाप देखने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंद एकत्र हुए। इसके अलावा जीटी रोड पर दोनों ओर खाद्य पदार्थों की दुकानें भी सजी रहीं। जिसमें महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क रहा। चप्पे–चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। कुल मिलाकर पांचवी मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया।

# शादीपुर चौराहे पर पथराव-मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

### -वायरल वीडियो के बाद पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के शादीपुर चौराहे पर पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट और पथराव की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया है। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार, 18 जून को सदर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर



चौराहे पर दो पक्षों के बीच पुराना विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई और पथराव होने लगा, जिससे इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमा सक्रिय हुआ और मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 261/2026 के तहत संबंधित धाराओं में अभियोग पंजी.त किया। जांच के दौरान पुलिस ने तनिष्क मिश्रा निवासी .ष्ण बिहारी नगर तथा शिवांग त्रिवेदी उर्फ राज त्रिवेदी निवासी कलेक्टरगंज की पहचान कर उन्हें गिरतार कर लिया। सदर कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं घटना में शामिल अन्य वांछित आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरतारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने और सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# योग का महाकुंभ, सांसों में गूंजा स्वास्थ्य का मंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी पार्क, पक्का तालाब में आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता का संदेश दिया। सुबह से ही पार्क में योग साधकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी से पूरा वातावरण योगमय हो उठा। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान लोगों ने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योग करने का



संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने की। इस अवसर पर सभासद संजय लाला, विनय तिवारी, संतोष पटेल एवं दीपक मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कर योग के महत्व को आत्मसात किया। नगर पालिका परिषद कार्यालय से अवर अभियंता विजय कुमार, एसआई चंद्राकर, हबीब बाबू, संजय सिंह, रितेश बाबू, राजू पांडेय बाबू एवं राजू बाबू सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं पिनाका टीम, एमटीआई टीम तथा नगर पालिका परिषद के अन्य कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। योग तनाव को दूर कर शरीर और मन को ऊर्जा प्रदान करता है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वस्थ, निरोग और सकारात्मक जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। योग दिवस के इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि योग के प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का दायरा भी विस्तृत हो रहा है।

# योग से निरोगी : लोगों ने किया सामूहिक योग

## -नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ गूंजा गांधी मैदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को महात्मा गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम में पूरा जनपद योगमय नजर आया। ष्स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योगष विषय पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री .ष्णा पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, शासन की नामित अधिकारी डॉ. सारिका मोहन, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तथा मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें योग को जन–जन तक पहुंचाने और स्वस्थ भारत के निर्माण का संदेश दिया गया। प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में हजारों लोगों ने एक साथ योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। पूरे मैदान में अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। राज्य मंत्री .ष्णा पासवान ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्.तिक विरासत है, जो आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योगाभ्यास अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मुख्य अतिथि एवं शासन की नामित अधिकारी डॉ. सारिका मोहन को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। वहीं जनपद की सभी तहसीलों, विकास खंडों, नगर निकायों, ग्राम



पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, पुलिस लाइन और विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, जहां हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर निरोगी जीवन और विकसित राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। योग दिवस कार्यक्रम के उपरांत ष्मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियानष का भी शुभारंभ किया गया। राज्य मंत्री कृष्णा पासवान, डॉ. सारिका मोहन, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रतिनिधियों ने नशा मुक्ति संदेश वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। ब्रह्माकुमारी ज्वालागंज केंद्र की प्रभारी नीरा दीदी ने कहा कि नशीले पदार्थों से मिलने वाली क्षणिक राहत अंततः व्यक्ति और समाज दोनों के लिए घातक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि परिवार, विद्यालय, स्वास्थ्य संस्थान और आध्यात्मिक संगठन मिलकर ही नशा मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। राजयोग व्यक्ति को आत्मबल प्रदान कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनता है। योग और नशा मुक्ति के दोहरे संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों और युवाओं ने भाग लिया। पूरे जनपद में स्वास्थ्य, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश प्रसारित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

# सूरज से आग, गर्म हवाओं के थपेड़ों से बेहाल आवाम

## -सबको राहत की बारिश का इंतजार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जून माह की भीषण गर्मी ने जनपदवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आसमान से बरसती आग, चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम दिखाई दे रही है, जबकि दोपहर के समय बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सन्नाटा छा जा रहा है। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। दोपहर में चलने वाली लू जैसी गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं। सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, राहगीरों और खुले आसमान के नीचे काम करने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। तेज धूप के कारण कई लोग सिर ढककर और चेहरे को कपड़ों से ढंककर सफर करने को मजबूर हैं। गर्मी का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय दुकानों और सड़कों पर भीड़ कम हो जाती है, जबकि ठंडे पेय पदार्थ, शिकंजी, गन्ने का रस, नारियल पानी और मौसमी फलों की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ रही है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की खपत बढ़ने से कई स्थानों पर पेयजल संकट की स्थिति भी बनने लगी है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। लगातार एसी, कूलर और पंखों के चलने से बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। कई इलाकों में लोगों ने अघोषित बिजली कटौती और लो–वोल्टेज की समस्या की शिकायत की है, जिससे उमस भरी गर्मी में लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते



हुए कहा है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। चिकित्सकों का कहना है कि लू, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले बढ़ सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है। जनपद में आसमान से बरसती आग और धरती से उठती तपिश के बीच लोग अब मानसून की पहली बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बारिश की फुहारें ही इस भीषण गर्मी से राहत दिला सकती हैं। फिलहाल सूरज के तीखे तेवर और गर्म हवाओं का कहर जारी है।

# गिरी गाज : बिंदकी कोतवाल समेत पूरी चौकी लाइन हाजिर

### कोर्ट में विचाराधीन भूमि पर हरे पेड़ों की कटान मामले में एसपी का बड़ा एक्शन कार्रवाई से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। न्यायालय में



विचाराधीन भूमि पर हरे नीम के पेड़ों की कटान के मामले में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिंदकी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी चंदन सिंह समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी की इस सख्त कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और विभागीय जवाबदेही को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मामला बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के महाजनी गली स्थित एक विवादित भूमि से जुड़ा है, जहां न्यायालय में सिविल वाद संख्या 116/2001 विचाराधीन होने के बावजूद हरे नीम के पेड़ों की कटान कराई जा रही थी। पीड़िता शांति देवी ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि विपक्षी पक्ष द्वारा विवादित भूमि पर खड़े नीम के पेड़ों का सौदा कर उन्हें कटवाया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कराई गई। जांच में पुलिस की गंभीर लापरवाही उजागर होने पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से बिंदकी कोतवाल राजेंद्र सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी चंदन सिंह तथा चौकी के समस्त पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने का आदेश जारी कर दिया। एसपी की इस कार्रवाई को कानून व्यवस्था और विभागीय अनुशासन के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का संकेत माना जा रहा है। वहीं कार्रवाई के बाद जिले के पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। अधिकारियों का मानना है कि यह कदम न्यायालय में विचाराधीन मामलों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ा संदेश है कि किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# खुली दबंगई की पोल, किशोर से मारपीट करने वाले दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र में एक किशोर के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सुंदरम द्विवेदी 19 जून की रात करीब 12 बजे ट्रैक्टर का पाइप देकर अपने घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि अंदौली पुलिया के पास पहले से मौजूद दो युवक, जो शराब के नशे में धुत थे, ने उसे रोक लिया और गाली–गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान किशोर के साथ की गई मारपीट का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस के संज्ञान में आया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अंदौली पुलिया निवासी नैतिक और धनंजय के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राधानगर सुंदर लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है।

# मिशन शक्तिसम्मेलन में गूंजी नारी सशक्तिकरण की हुंकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा (फतेहपुर)। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में बहू–बेटी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी खागा दुर्गेश दीप की देखरेख तथा थाना प्रभारी सुल्तानपुर घोष टीबी सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों और शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुलिसकर्मियों एवं मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मनिर्भरता और विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बेझिझक पुलिस एवं प्रशासन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ–साथ उन्हें सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। जागरूक और आत्मनिर्भर महिला ही परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार होती है। सम्मेलन के दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा उपस्थित महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला जागरूकता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित यह बहू–बेटी सम्मेलन महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम साबित हुआ।

# रिंद नदी में डूबने से किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार की दोपहर घर से निकला 13 वर्षीय किशोर का शव रविवार की सुबह रिन्द नदी से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव निवासी राजबीर का पुत्र रोहित शनिवार की अपने कुछ हमजोली साथियों के साथ घर से निकल गया। तभी रिंद नदी नहाते समय गहरे पानी में चले से डूब गया। साथ गये साथियों ने घर आकर किसी को कुछ नहीं बताया कि काफी देर बीत जाने पर जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। सुबह लगभग 7 बजे पुलिस ने ग्राम चन्द्रशेखर निषाद को फोन द्वारा जानकारी दी कि गांव का ही एक किशोर नदी में डूब गया है। शिनाख्त के लिए जब परिजन पहुंचे तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचमपुर में खेत से घर वापस आ रहे 55 वर्षीय अधेड़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। इसी थाने के मथुरा मोड़ के समीप साइकिल से घर जा रहे 48 वर्षीय युवक को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के पंचमपुर गांव निवासी स्व0 सूरजदीन का पुत्र रामखेलावन शनिवार की शाम लगभग 7 बजे खेत से साइकिल द्वारा घर वापस आ रहा था। जब वह गांव पास पहुंचा तभी तेज रतार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौत हो गयी। इसी तरह थाने के पहाड़ीपुर गांव निवासी मोहन का पुत्र राजू साइकिल से बाजार गया था। वापस लौटते समय जब वह मथुरापुर मोड़ के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रतार आर रही चार पहिया वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# 24 घटे में चोरी का खुलासा, अल्टो कार समेत शातिर चोर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थाना थरियांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी की गई अल्टो कार बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरतार कर उसके कब्जे से मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार असोथर रोड निवासी सतेन्द्र सिंह ने थरियांव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी अल्टो कार घर के बाहर खड़ी थी। कार में चाबी लगी होने का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति वाहन चोरी कर ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना थरियांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अभय सिंह निवासी हरिहरगंज, थाना राधानगर को गिरतार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई सिल्वर रंग की अल्टो कार, एक रेडमी मोबाइल फोन तथा 300 रुपये नकद बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने घर के बाहर चाबी लगी देख कार चोरी की थी। वह वाहन को बेचने की फिराक में अम्बापुर हाईवे पुल के नीचे ग्राहक का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरतार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय भेजते हुए पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना थरियांव पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )